वर्ष 24, अंक 166, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 25 दिसंबर 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## मोदी कैबिनेट ने लिया बड़ा फैसला, राजधानी दिल्ली को धुएं और प्रदूषण से मुक्ति दिलाने वाली योजना को दी मंजूरी



**नई दिल्ली**

**आज** केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में जो निर्णय लिया गया, वह दिल्ली की दमघोंटू हवा के खिलाफ सीधी जंग का ऐलान है। हम आपको बता दें कि मोदी मंत्रिमंडल ने दिल्ली मेट्रो रेल परियोजना के चरण पांच ए को स्वीकृति देकर यह साफ कर दिया है कि अब राजधानी को यूं ही धुएं और जाम के हवाले नहीं छोड़ा जाएगा। बारह हजार पंद्रह करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सोलह किलोमीटर लंबी इस नई मेट्रो विस्तार योजना में तेरह नए स्टेशन होंगे, जिनमें दस भूमिगत और तीन एलिवेटेड होंगे। इसके साथ ही दिल्ली मेट्रो नेटवर्क चार सौ किलोमीटर की ऐतिहासिक सीमा पार कर लेगा। यह वही दिल्ली है जहां रोजाना औसतन पैंसठ लाख लोग मेट्रो से सफर करते हैं और सड़कों पर गाड़ियों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इस परियोजना के तहत तीन नए गलियारे विकसित किए जाएंगे। पहला गलियारा रामकृष्ण आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक बनेगा, जो कर्तव्य भवन जैसे अहम प्रशासनिक क्षेत्र को सीधी मेट्रो कनेक्टिविटी देगा। दूसरा गलियारा एरोसिटी से एयरपोर्ट टर्मिनल एक को जोड़ेगा, जिससे दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल एक और तीन के बीच मेट्रो से सीधा संपर्क संभव होगा। तीसरा और सबसे रणनीतिक गलियारा तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज तक जाएगा, जो नोएडा और गुरुग्राम के बीच एक वैकल्पिक रास्ता देगा। इन तीनों गलियारों का साझा असर यह होगा कि सड़कों पर ट्रैफिक घटेगा, निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी और प्रदूषण के सबसे बड़े स्त्रोतों में से एक पर सीधा प्रहार होगा।

अब जरा इस निर्णय को उस हकीकत के संदर्भ में देखिए, जहां हर सर्दी में दिल्ली गैस चेंबर बन जाती है। स्कूल बंद होते हैं, बुजुर्ग और बच्चे घरों में कैद हो जाते हैं और सरकारें बयानबाजी में उलझी रहती हैं। ऐसे में मेट्रो विस्तार का यह कदम किसी तात्कालिक उपाय जैसा नहीं, बल्कि दीर्घकालिक समाधान की बुनियाद है। मेट्रो का मतलब है हजारों कारें और दोपहिया वाहन सड़कों से गायब। मेट्रो का मतलब है ईंधन की बचत, धुएं में कमी और समय की बचत भी। जब तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज तक मेट्रो पहुंचेगी तो नोएडा से गुरुग्राम जाने वाला ट्रैफिक दिल्ली की सड़कों की बजाय पटरियों पर दौड़ेगा।

यह भी याद रखना होगा कि भारत का मेट्रो नेटवर्क अब दुनिया में तीसरे स्थान पर है। 2014 में जहां केवल पांच शहरों में मेट्रो थी, आज छब्बीस शहर इससे जुड़ चुके हैं। औसत दैनिक यात्रियों की संख्या अट्ठाइस लाख से बढ़कर एक करोड़ पंद्रह लाख से अधिक हो चुकी है। यह आंकड़े सिर्फ विकास का बखान नहीं करते, बल्कि यह बताते हैं कि देश का आम नागरिक मेट्रो को अपना रहा है, उस पर भरोसा कर रहा है। दिल्ली में यह भरोसा और मजबूत होने जा रहा है।


देखा जाये तो दिल्ली का वायु प्रदूषण कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि वर्षों की नीतिगत शिथिलता और शहरी अव्यवस्था का नतीजा है। हर साल पराली, मौसम और पड़ोसी राज्यों पर दोष मढ़कर हाथ खड़े कर देना आसान रहा है। लेकिन सड़कों पर बढ़ती गाड़ियों, कमजोर सार्वजनिक परिवहन और बेतरतीब शहरी फैलाव पर चोट करने की हिम्मत कम ही दिखाई गई। आज का यह मेट्रो विस्तार निर्णय उसी हिम्मत की झलक है। यह फैसला बताता है कि सरकार अब समस्या की जड़ पर वार करने को तैयार है।

मेट्रो कोई जादुई छड़ी नहीं, लेकिन यह सबसे भरोसेमंद हथियार जरूर है। जब सार्वजनिक परिवहन सस्ता, सुलभ और तेज होता है, तो लोग स्वेच्छा से कार छोड़ते हैं। यही बदलाव हवा को साफ करता है, शहर को सांस लेने लायक बनाता है। दिल्ली मेट्रो के नए गलियारे केवल नक्शे पर खिंची लाल और नीली रेखाएं नहीं हैं, वे उस सोच का प्रतीक हैं जिसमें विकास और पर्यावरण को आमने सामने खड़ा नहीं किया जाता।

अगर यह परियोजना तय समय पर पूरी होती है और इसके साथ बस सेवाओं, पैदल मार्गों और अंतिम छोर कनेक्टिविटी पर भी ध्यान दिया गया, तो आज का दिन इतिहास में दर्ज होगा।

## अरावली में कोई माइनिंग लीज नहीं दी जाएगी

### विवाद के बीच केंद्र का स्पष्टीकरण, संरक्षित क्षेत्र का किया जाएगा विस्तार



**नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने बुधवार को राज्यों को निर्देश दिया कि वे पूरी अरावली पर्वतमाला में किसी भी प्रकार के नए खनन पट्टे देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाएं। यह प्रतिबंध अरावली क्षेत्र में समान रूप से लागू होगा और इसका उद्देश्य पर्वतमाला को एक सतत भूवैज्ञानिक श्रृंखला के रूप में संरक्षित करना है, साथ ही उन अवैध और अनियमित खनन गतिविधियों को समाप्त करना है जिनसे वर्षों से व्यापक पर्यावरणीय क्षति हुई है।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुसार दिल्ली से गुजरात तक फैली संपूर्ण अरावली पर्वतमाला को अवैध खनन से बचाने और संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने राज्यों को अरावली में किसी भी प्रकार के नए खनन पट्टे देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए हैं। यह प्रतिबंध संपूर्ण अरावली भूभाग पर समान रूप से लागू होता है और इसका उद्देश्य पर्वतमाला की अखंडता को संरक्षित करना है। इन निर्देशों का उद्देश्य गुजरात से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक फैली एक सतत भूवैज्ञानिक श्रृंखला के रूप में अरावली की रक्षा करना और सभी अनियमित खनन गतिविधियों को रोकना है।

इसके अलावा, मंत्रालय ने कहा कि पर्यावरण एवं पर्यावरण संरक्षण मंत्रालय ने भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद को निर्देश दिया है कि वह पूरे अरावली क्षेत्र में उन अतिरिक्त क्षेत्रों/जोनों की पहचान करे।

## शिवसेना ने की BMC 2026 चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी, गोविंदा का भी नाम शामिल



**मुंबई**

**बृहन्मुंबई** नगर निगम (बीएमसी) चुनावों से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं, पार्टियां तैयारियों और प्रचार रणनीतियों को गति दे रही हैं। इसी बीच, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने नगर निगम चुनावों के लिए अपने 40 प्रमुख प्रचारकों की सूची जारी की है। इस सूची में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और जाने-माने चेहरों का मिश्रण है, जिससे प्रचार में ग्लैमर का तड़का लग गया है। बॉलीवुड अभिनेता और पूर्व सांसद गोविंदा आहूजा को भी पार्टी के प्रमुख प्रचारकों में शामिल किया गया है।

श्रीकांत एकनाथ शिंदे, सांसद और शिवसेना संसदीय दल के नेता
रामदास कदम, नेता
गजानन कीर्तिकर, नेता
आनंदराव अडसुल, नेता
प्रतापराव जाधव, केंद्रीय मंत्री
नीलमताई गोरे, नेता
मीनाताई कुंबले, नेता
गुलाबराव पाटिल, नेता और मंत्री
दादा भूसे, उपनेता और मंत्री
उदय सामंत, उपनेता और मंत्री
शंभूराज देसाई, उपनेता और मंत्री
संजय शिरसात, प्रवक्ता और मंत्री
भरत गोगावले, उपनेता और मंत्री
प्रकाश अबितकर, मंत्री
प्रताप सरनाइक, मंत्री
आशीष जायसवाल, राज्य मंत्री
योगेश कदम, राज्य मंत्री
दीपक केसकर, प्रवक्ता और विधायक
श्रृंग बराने, उपनेता और सांसद
पेशेंस मीन्स, सांसद
संदीपन भूमरे, सांसद
नरेश मस्के, सांसद
रवींद्र वायकर, सांसद
मिलिंद देवरा, सांसद
डॉ. दीपक सावंत, उपनेता और पूर्व मंत्री

## दिल्ली में नए साल से पहले हटीं GRAP-4 की पाबंदियां, प्रदूषण में सुधार के बाद फैसला

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** में नए साल से पहले GRAP-4 की पाबंदियां हटा दी गई हैं. प्रदूषण के स्तर में सुधार के बाद ये फैसला लिया गया है. ग्रैप 3 की पाबंदियां लागू रहेंगी. वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निदेशों के अनुपालन में 21 नवंबर 2025 को जारी संशोधित ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के तहत लिया. वर्तमान में 14 अक्टूबर, 19 अक्टूबर और 13 दिसंबर 2025



के आदेशों के अनुसार स्टेज-1, 2, 3 और 4 लागू थे.

नो पीयूसी, नो फ्यूल का नियम जारी रहेगा

दिल्ली सरकार ने पहले ही साफ कर दिया था ।


## 'भैया ने फोन करके बुलाया था', राहुल गांधी से मिलने के बाद बोली उन्नाव गैंगरेप पीड़िता

**उन्नाव**

**24 दिसंबर** 2025 की शाम को उन्नाव रेप पीड़िता ने राहुल गांधी से 10 जनपथ बंगले पर मुलाकात की. मीटिंग में सोनिया भी मौजूद थीं. दोनों ने उन्नाव के परिवार से वादा किया है कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश करेंगे कि उन्हें न्याय और सुरक्षा मिले.

पीड़िता ने गांधी परिवार से तीन मांगें कीं

सूत्रों के मुताबिक, पीड़िता और




उसके परिवार ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से 3 बड़ी बातें रिक्वेस्ट की हैं...

उन्हें सुप्रीम कोर्ट में सेंगर के खिलाफ लड़ने के लिए एक टॉप वकील दिलाने में मदद करें. राहुल ने ऐसा करने का वादा किया.

उन्हें कांग्रेस शासित राज्य में शिफ्ट होने में मदद करें क्योंकि उन्हें मारे जाने का डर था और उन्हें अपनी सुरक्षा पर भरोसा नहीं था. विपक्ष के नेता राहुल ने कहा कि वह ऐसा करेंगे.

?पीड़िता के पति ने विपक्ष के नेता से बेहतर नौकरी के लिए रिक्वेस्ट की. राहुल जी ने कहा कि वह इस पर ध्यान देंगे.

राहुल-सोनिया ने मदद का आश्वासन दिया

राहुल और सोनिया से मुलाकाता करने के बाद उन्नाव पीड़िता ने कहा, 'मैंने तो प्रधानमंत्री से भी मिलने की गुहार लगाई।


### शंख एयर, अल हिन्द एयर, फ्लाई एक्सप्रेस को मिली मंजूरी

## भारतीय आसमान में तीन नई एयरलाइंस की होगी एंट्री

**नई दिल्ली**

**नागरिक** उड्डयन मंत्रालय ने दो नई एयरलाइनों - अल हिंद एयर और फ्लाईएक्सप्रेस - को मंजूरी दे दी है, जो अगले साल उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। दोनों एयरलाइनों को बुधवार को मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त हो गया। इन दो एयरलाइनों के अलावा, उत्तर प्रदेश स्थित शंख एयर भी 2026 में उड़ान संचालन शुरू करने की संभावना है। शंख एयर को पहले ही अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल चुका है।

नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन



नायडू ने पर एक पोस्ट में कहा कि पिछले एक सप्ताह में, भारतीय आसमान में उड़ान भरने की इच्छुक नई एयरलाइनों - शंख एयर, अल हिंद एयर और फ्लाईएक्सप्रेस - की टीमों से मिलकर मुझे खुशी हुई। शंख एयर को मंत्रालय से पहले ही एनओसी मिल चुकी है, जबकि अल हिंद एयर और फ्लाईएक्सप्रेस को इस सप्ताह अपनी एनओसी प्राप्त हुई हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब मंत्रालय देश में एयरलाइन ऑपरेटरों की संख्या बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते घरेलू नागरिक उड्डयन बाजारों में से एक है। वर्तमान में, इंडिगो और एयर इंडिया समूह (जिसमें एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइन शामिल हैं) मिलकर घरेलू नागरिक उड्डयन बाजार के 90 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर कब्जा रखते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में फिलहाल नौ घरेलू एयरलाइनें कार्यरत हैं, जिनमें से क्षेत्रीय एयरलाइन फ्लाई बिग ने अक्टूबर में अपनी निर्धारित उड़ानें निलंबित कर दी थीं।

ये दोनों नई एयरलाइनें क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।


अल हिंद एयर को केरल स्थित अल हिंद समूह द्वारा प्रमोट किया जा रहा है। एयरलाइन की वेबसाइट के अनुसार, अल हिंद एयर एक क्षेत्रीय यात्री एयरलाइन के रूप में अपनी शुरूआत करेगी।

## मोदी के मुरीद क्यों हुए बाबरी की नींव रखने वाले हुमायूं कबीर?

**बंगाल**

**बंगाल** में हुमांयू कबीर ने लगातार टीएमसी की मुश्किलें बढ़ा रखी हैं। या फिर यूं कहें कि ममता बनर्जी की जमीन हिला कर रख दी है। अब हुमांयू कबीर की तरफ से एक ऐसा बयान सामने आया है जिसे सुनकर बंगाल सीएम परेशान हैं और टीएमसी में खलबली मची हुई है। दरअसल, ये वही हुमांयू कबीर हैं जिन्होंने बीते दिनों बाबरी मस्जिद बनाने का ऐलान किया। बकायदा बाबरी मस्जिद बनाने के लिए बंगाल में उसकी नींव भी रख दी। तमाम मुसलमानों को एकट्ठा किया गया। कई मौलाना भी उनके मंच पर खड़े नजर आए। विवाद भड़का ही था तभी ममता बनर्जी ने एक्शन लेते हुए हुमांयू कबीर को पार्टी से निकाल दिया।

हुमांयू कबीर ने सीधे सीधे ममता बनर्जी को चुनौती दी कि कोई भी बंगाल में बाबरी मस्जिद बनने से नहीं रोक पाएगा। पूरे देश में हिंदुओं का खून खौल रहा था। जिस बाबर के नाम को अयोध्या से मिटाया



गया। उस बाबर का नाम लेकर बंगाल में हुमांयू कबीर ने एक नई राजनीति शुरू कर दी और सबसे अहम बात है कि ये राजनीति ममता बनर्जी पर ही भारी पड़ी। जितने भी मुसलमान बाबरी के नाम पर खुश हो रहे हैं और हुमांयू कबीर के करीब जा रहे हैं। हुमांयू कबीर ने नई पार्टी का ऐलान भी कर दिया।

## राहुल-प्रियंका ने क्या बनाई BMC चुनाव प्रचार से दूरी?

**महाराष्ट्र**

**कांग्रेस** ने महाराष्ट्र में आगामी नगर निगम चुनावों में पार्टी के लिए प्रचार करने वाले 40 प्रमुख प्रचारकों की सूची जारी की है। इस सूची में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, मोहम्मद अजहरुद्दीन, इमरान प्रतापगढ़ी और अभिनेता राज बब्बर के नाम शामिल हैं। पूर्व सांसद प्रिया दत्त, मुकुल वासनिक और पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण भी इन प्रमुख प्रचारकों में शामिल हैं। इस सूची पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा ने कहा कि इनमें से 10 प्रमुख प्रचारक एक विशेष धर्म से संबंधित हैं, जो धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति की ओर इशारा करता है। पार्टी ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की। इसमें प्रभारी रमेश चेन्निथला, प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार, सासंद छत्रपति शाहू महाराज, विधान परिषद में ग्रुप लीडर विधायक सतेज उर्फ बंटी पाटिल, राष्ट्रीय महासचिव सांसाद मुकुल वासनिक, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, पृथ्वीराज चव्हाण, सचिन पायलट, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य बालासाहेब थोरात, गोवा प्रभारी माणिकराव ठाकरे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, राज्यसभा सांसद चंद्रकांत हंडोरे।

## माफियाओं के सामने नतमस्तक थी पुरानी सरकार

### सपा पर सीएम योगी का तंज, अब तेजी से काम हो रहा

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कोई माफिया जबरन रिहायशी जमीन या सरकारी जमीन पर कब्जा करके मॉल या जबरन वसूली का अड्डा बनाता है और उसका इस्तेमाल अनैतिक और अवैध गतिविधियों को अंजाम देने के लिए करता है, तो उनके खिलाफ बुलडोजर का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी इसे रोक नहीं सकता क्योंकि हर व्यक्ति के लिए सुरक्षा का माहौल जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि आज हर व्यक्ति कह सकता है कि उत्तर प्रदेश में बेहतर सुरक्षा माहौल के कारण निवेश आ रहा है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी से आग्रह किया कि वह मुख्य मुद्दे से ध्यान न भटकाए। उन्होंने घटना से जुड़े हालातों पर सवाल उठाते हुए पूछा कि काफिले को क्यों लूटा गया, और स्पष्ट जवाब और जवाबदेही की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक स्पष्ट नीति और उसे लागू करने की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में अराजकता का तांडव था, अब तेजी से काम हो रहा। अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि पुरानी सरकार माफियाओं के सामने नतमस्तक थी।

योगी ने कहा कि तभी सार्थक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। इस प्रक्रिया के चार आयाम हैं, और यह समझना महत्वपूर्ण है



कि सरकार ने इन चारों आयामों पर किस प्रकार कार्य किया है—चाहे वह किसी व्यक्ति, समाज या संस्था के लिए हो। सभी के लिए सर्वोपरि आवश्यकता सुरक्षा है। एक सुरक्षित वातावरण होना चाहिए, कानून का शासन होना चाहिए, और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सुरक्षा पर भरोसा होना चाहिए। हर बेटी और हर व्यापारी को सुरक्षित महसूस करना चाहिए। ऐसी सुरक्षा सुनिश्चित करना किसी भी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में डेढ़ एक्सप्रेसवे थे। आज उत्तर प्रदेश में 21 एक्सप्रेसवे हैं, और यदि सभी बाईस पूरे हो जाते हैं, तो अकेले उत्तर प्रदेश में देश के 60% एक्सप्रेसवे होंगे। देश का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क वर्तमान में उत्तर प्रदेश में है, जो 16,000 किलोमीटर लंबा है। देश में सबसे अधिक मेट्रो लाइनें उत्तर प्रदेश में हैं। राज्य में देश में सबसे अधिक हवाई अड्डे हैं। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में बहुत कम हवाई अड्डे थे। उनमें से केवल दो ही चालू थे।

# न्याय नगर पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेल दिवस 'द समिट' का भव्य आयोजन





**अखंड भारत संदेश**

**बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और संगीत ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया**

**झूंसी।** स्थित न्याय नगर पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेल दिवस 'द समिट 2025-26' बुधवार को फिट इंडिया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अंदावा में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रेम कुमार एवं आरएस बेदी द्वारा दीप प्रज्वलन और मार्च पास्ट की सलामी लेकर किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष निशीथ वर्मा, सचिव सुचित्रा वर्मा और प्रधानाचार्या डॉ. बुशरा मुस्तफा ने अतिथियों का स्वागत किया।

हाउस वार आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साथ ही, बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और संगीत ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ने खेलों को शारीरिक विकास के लिए अनिवार्य बताते हुए बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की। प्रतियोगिता के विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अर्चना श्रीवास्तव, राहुल मध्यान और खेल प्रभारी माशूक खान व दीपेश पांडेय ने किया। अंत में प्रधानाचार्या डॉ. बुशरा मुस्तफा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# अपहरण कर एक लाख की फिरौती मांगने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

**अपहरण के पश्चात जब पैसे मिले तो बदमाशों में युवक को छोड़ दिया था**

**मामले की जाँच में जुटी थी पुलिस मिली सफलता : सभी को भेजा जेल**



**अखंड भारत संदेश**


**थरवई।** युवक को अपहरण कर एक लाख की डिमांड किये थे बदमाश जब उन्हें पैसे मिले तो उसे छोड़ दिये थे बदमाश। बदमाशों ने टाटा सफारी से युवक को किये थे अगवा अपहरण के दूसरे दिन जब उनके द्वारा एक लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी जब पैसे मिले उसे छोड़ दिया गया। मामला जनपद प्रयागराज गंगानगर जोन के थाना थरवई से जुडा हुआ है। बीते करीब एक सप्ताह पूर्व 18 दिसंबर की शाम करीब आठ बजे थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत राम नगर बाजार स्थित पान के दुकानदार अभयराज कुशवाहा पुत्र रामलाल निवासी ग्राम मेडआ थाना थरवई का रहने रहने वाला है। जिसे चार पहिया गाड़ी टाटा सफारी से अज्ञात द्वारा अभयराज को अपनी गाड़ी में जबरजस्ती बैठा लिया गया और लेकर निकल गए जहां उसे झूंसी, सहित अन्य स्थानों पर लेकर निकले रहे और उसे छोड़ने के लिए एक लाख की डिमांड भी किया गया। पीड़ित अभयराज कुशवाहा को जब छोड़ने के लिए एक लाख मिल गया तो उसे थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत प्रतापपुर सहसों के पास ले जाकर छोड़ दिया गया था। मामले की प्राप्त तहरीर के आधार पर स्थानीय थाना थरवई में धारा 140 ( 1) का मुकदमा पंजीकृत करते हुए टीमें गठित कर मामले की छानबीन व अपहरण कताओं की धरपकड़ हेतु टीमें लगी रहीं। काफी प्रयास के बाद मामले से जुड़े तीन अभियुक्तों को जिसमें राजकुमार यादव पुत्र दातादीन यादव उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम हरिभानपुर थाना फूलपुर दूसरा अभियुक्त राजा यादव पुत्र वीरेंद्र सिंह यादव उम्र 24 वर्ष ग्राम सोनौटी थाना झूंसी एवं तीसरा अभियुक्त प्रेम कुमार शर्मा पुत्र तीर्थराज उम्र 30 वर्ष निवासी चक भिखारी ऊर्फ परसाडीह थाना फूलपुर तीनों अभियुक्त जनपद प्रयागराज के रहने वाले हैं तीनों अभियुक्तों को थाना क्षेत्र थरवई अंतर्गत धरमपुर घुरवा से हेतापट्टी मार्ग स्थित बाग के पास से गिरफ्तार किया गया एवं कब्जे से फिरौती के 61000 रुपए व अपहरण के दौरान प्रयोग की गई चार पहिया वाहन टाटा सफारी स्टार्म बरामद की गई। उक्त गिरफ्तारी व बारमदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पाण्डेय, एस आई अमरदेव सिंह, गिरीश चंद्र मौर्य, अनिल कुमार सहित कई टीम में मौजूद रहे। एसीपी थरवई अरुण पाराशर ने बताया कि तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया है।

## क्यूं किये अपहरण : पूछताछ कर दौरान अभियुक्तों ने दिए बयान

गिरफ्तार अभियुक्तों से जब पूछताछ की गई तो प्रकाश में आया है कि अभियुक्त राजा यादव उपरोक्त के बच्चे की बीमारी के इलाज में काफी पैसा खर्च हो गया था तथा पैसे की आर्थिक तंगी के कारण अभियुक्त राजा यादव एवं उपरोक्त ने अपने साथी राजकुमार यादव उपरोक्त, आनन्द यादव पुत्र राम सेवक यादव, सुनील यादव पुत्र माला यादव, मनोज यादव पुत्र मन्नू लाल यादव निवासीगण ग्राम धरमपुर घुरवा थाना थरवई को अपनी समस्या के बारे में बताया । तभी इन लोगों ने प्रेम कुमार शर्मा पुत्र स्व० तीर्थराज शर्मा निवासी चक भिखारी परसाडीह थाना फूलपुर व रितिक तिवारी निवासी शुकुलपुर थाना फुलपुर के साथ मिलकर अपहरण कर फिरौती मांगने की घटना की योजना बनायी और योजना के तहत सुनील यादव व मनोज यादव उपरोक्त बाइक से तथा अन्य साथी टाटा सफारी गाड़ी से बीते सप्ताह भर पूर्व 18 दिसंबर को सायं करीब आठ बजे अभयराज कुशवाहा उपरोक्त की पान की दुकान पर पहुँचकर पान मसाला लिये और मौका देखकर अभयराज कुशवाहा को जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठाकर पूरी रात इधर-उधर घुमाते रहे । अभयराज कुशवाहा के भतीजे रवि को फोन कर एक लाख रुपये की फिरौती की मांग की।जिसके अगले दिन तथा 19 तारीख को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत बरना पुल के पास से फिरौती के एक लाख रुपये मिलने पर पीड़ित अभयराज कुशवाहा उपरोक्त को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत प्रतापपुर सहसों के पास ले जाकर छोड़ दिया गया था।

# न्यूज झरोखा

## भारतगंज सभासद शुभम ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात, ऊर्जा मंत्री संग संगठन, नगर विकास पर की चर्चा



**मांडा।** नगर पंचायत भारतगंज के सभासद और भाजपा युवा नेता शुभम केशरी ने लखनऊ में भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा से मुलाकात की। उन्होंने मंत्रियों को बधाई दी और विभिन्न विकास संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। शुभम ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उत्तर प्रदेश में संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनोन्मुखी बनाने पर सार्थक चर्चा हुई। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु भारतगंज में भाजपा सरकार की आगामी रणनीतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और संगठनात्मक विस्तार पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त, शुभम केशरी ने ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा से उनके लखनऊ स्थित आवास पर भेंट की। इस मुलाकात में नगर के विकास से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

## विराट हिन्दू सम्मेलन में एकता और संस्कारों का संदेश, राष्ट्रहित में संगठित होने का आह्वान




**शंकरगढ़।** यमुनापार के शंकरगढ़ में बुधवार को आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन भव्यता और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रांत प्रचारक प्रमुख राजेंद्र जी ने की। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकताओं एवं बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोगों की सहभागिता रही।सम्मेलन के मुख्य वक्ता राजेंद्र जी ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दू समाज की एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने समाज को संगठित रहने, अपनी संस्कृति व परंपराओं की रक्षा करने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हर हिन्दू अपने दायित्वों को समझे और समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करे।वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, संस्कार, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना पर बल देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं।सम्मेलन के अंत में सभी ने राष्ट्र, धर्म और समाज की मजबूती के लिए संकल्प लिया।कार्यक्रम के आयोजन पर आयोजकों एवं उपस्थित जनसमूह ने प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश केसरवानी ने किया।इस मौके पर संत आत्मा राम, जिला प्रचारक सतीश जी, गोविंद शरण सिंह, दिवाकर सिंह, श्याम सुंदर, राजेश केसरवानी, गोपाल दास गुप्ता, राजेंद्र केसरवानी, मूलचंद्र केसरवानी, अवधेश जी, डॉ. प्रेमचंद्र, नरेंद्र जी, रतन केसरवानी, सुनील केसरवानी, जय केसरवानी,रचना केसरवानी,रामजतन बंसल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेश ओम शांति द्वारा किया गया।

## समाजवादियों ने पीडीए प्रहरी के रूप में निकाली एस आई आर जागरूकता रैली



**कोरांव।** विधानसभा कोरांव के समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक पीडीए प्रहरी के रूप में एस आई आर मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों से सभी आवश्यक दस्तावेज बीएलओ के पास देकर अपने नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाने की अपील की गई। एस आई आर मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ कोरांव बाजार में स्थित ब्लॉक मुख्यालय के पास से किया गया। जिसके बाद वाहन रैली को पूरे बाजार में घुमाया गया। बाजार के साथ-साथ तरांव, टीकर, मझिगवां, रत्योरा, बड़ोखर, देवघाट, संसारपुर, छड़गड़ा, हाटा, खीरी समेत विधानसभा के अधिकांश गांवो तक रैली को ले जाया गया और लाउडस्पीकर के जरिए समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललन सिंह पटेल ने लोगों से अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वाने की अपील की। रैली का नेतृत्व जिला सचिव विनोद सोनकर कर रहे थे। इस दौरान जिला सचिव दिनेश पटेल, मजदूर सभा के राष्ट्रीय सचिव सफात अली, जियाउल अली, इरफान अली समेत भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल रहे।

# पुरुषोत्तम श्रीराम भवसागर से पार कराने वाले हैं : आचार्य संदीप शास्त्री

**31 दिसंबर को भाजपा के वरिष्ठ नेता उदयभान करवरिया का आगमन**

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** संघ शताब्दी वर्ष एवं अयोध्या में भगवान श्री राम जी के भव्य मंदिर निर्माण के द्वितीय वार्षिकोत्सव के पावन अवसर पर विराट हिन्दू सम्मेलन एवं सप्त दिवसीय संगीतमय कथा श्रीराम राज्य की का आयोजन श्री राम जानकी मंदिर कुटी जंघई प्रांगण में महंथ चंद्रमा दास महाराज के नेतृत्व में कथा वाचक आचार्य संदीप शास्त्री के मुखारविंद से बुधवार से मंगलाचरण, सत्संग महिमा से प्रारंभ हुई। आचार्य संदीप शास्त्री ने गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरितमानस के प्रारंभ में सरस्वती और गणेश विघ्नहर्ता की वंदना करते हुए पुरुषोत्तम श्रीराम का ध्यान करते हुए कहा कि श्रद्धा और प्रेम से मंगलाचरण का पाठ करने से ही परमात्मा प्रसन्न होते हैं और कथा सफल होती है। मंगलाचरण एक प्रार्थना है, जिसमें भगवान के नाम की मधुरता, दिव्यता और पवित्रता का बोध कराया जाता है। यही सच्चे नाम-स्मरण और सत्संग का आधार है। मंगलाचरण से मन के कषाय राग-द्वेष कम होते हैं और आत्मा पवित्र बनती है, जो सत्संग का ही फल है। मंगलाचरण में ही पूरी कथा का सार निहित होता है श्री राम के चरित्र और अर्थों का चिंतन होता है, जिससे पूरी कथा उस भाव में डूब जाती है। मंगलाचरण केवल एक शुरूआती श्लोक नहीं, बल्कि ईष्टदेव के प्रति पूर्ण समर्पण, स्वयं को शुद्ध करने और कथा के माध्यम से आध्यात्मिक उत्थान सत्संग के लिए एक शक्तिशाली प्रार्थना है। श्री राम कथा के मध्य 29 दिसंबर को हिंदू सम्मेलन का आयोजन 2 बजे से किया गया है 31 दिसंबर को पूणार्हुति हवन एवं दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 31 दिसंबर को ही भाजपा के वरिष्ठ नेता इंजीनियर उदयभान करवरिया पूर्व विधायक भी श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में पहुचेगें। श्री राम कथा के प्रथम दिवस बुधवार को कथा में मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह जिला संयोजक बजरंग दल गंगापार, मुख्य यजमान महेंद्र जायसवाल, राजू सिंह, किशन पाठक, धीरज मिश्र, आयुष जायसवाल, शैलेश पाठक, रिंकू मिश्र, आचार्य अभिनव शास्त्री, पवन पांडेय, सचिन दुबे, आकाश सिंह सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# एस आई आर फॉर्म को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार द्वारा हनुमानगंज बाजार में गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान एसआईआर प्रपत्र के संबंध में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष ने सभी ग्राम वासियों से कहा कि आप अविलम्ब अपने-अपने फार्म को समय से नियमानुसार भरकर बी.एल.ओ के पास अवश्य जमा कर दें। अन्यथा सरकार की गलत नीतियों के परिणाम आप सभी को भुगतने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। यदि आप फार्म किसी कारण बस गलत भर कर समायोजित कर देंगे तब भी आपको अपने साथ और अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए एक माह का समय मिल जाएगा इस बीच आपका फॉर्म मतदाता सूची में जोड़ने के लिए वैध होगा।अन्यथा निरस्त होने के बाद 2027 के मतदाता सूची से आपका नाम निरस्त हो जाएगा। इसी प्रकार नए मतदाताओं को भी अब फार्म उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। कृपया बी.एल.ओ से संपर्क करके अपना फार्म प्राप्त कर आवश्यक कागजात लगाकर के समय से समायोजित करें। और उसकी एक प्रति अपने पास साक्ष्य के रूप में अवश्य रख लें। भाजपा सरकार आपका जैसे मनरेगा का अधिकार छीन रही है।वैसे ही मतदाता को मताधिकार के अधिकार से भी आपको वंचित करने के लिए कुचक्र रच रही है। उन्होने कहा कि अब आपको भाजपा सरकार के झांसे में ना आकर के अपने अधिकारों के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। तभी भाजपा के काले कारनामों की कलई खुल पायेगी। बैठक की अध्यक्षता राम किशुन पटेल एंव संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं प्रभारी देवराज उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष इन्द्रभान सिंह, डा.अमर सिंह पटेल, राम मनोरथ सरोज, सलीम टाइगर, हृदयानन्द यादव, कंट्रोल रूम प्रभारी सददाम हुसैन सिद्दीकी, दीन मोहम्मद, गोपी, शिम्पू चौधरी, संतोष कुमार, हिमांशू कुलश्रेष्ठ, हरु सिंह सिंगरौर, सुशील मौर्या, अब्दुल कुद्दुस, मणि शंकर प्रसाद, राजेश कुमार गौतम, संजय जायसवाल आदि उपस्थित रहे।


# लघुडाल नगर प्रखंड लखनपुर में हो रही मरम्मती करण में घाल मेल

**किसानों के खेतों में भरा पानी नहर विभाग की लापरवाही से किसान आक्रोषित**

**ग्राम पंचायत से निर्मित तीन सौ मीटर पक्की नाली नहर अफसरों ने पटवाई, खेत में फेंकवाए गए नगर सफाई की मिट्टी**

**नहर सड़क की पटरियों पर जगह जगह नहीं डाली गई मिट्टी,नहरें कई स्थानों पर नष्ट**

**बरवहां, हरदीहा, मलीपुर, माइनर की स्थिति दयनीय**







**प्रयागराज।** कोरांव तहसील के लखनपुर ग्राम सभा में स्थित लघु डाल नहर प्रखंड विभाग द्वारा निर्माण कार्यदाई संस्थाओं से कराए जा रहे करीब साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से मरम्मती करण का कार्य जारी है। जिसमें गुणवत्ता विहीन कार्य हो रहा और सरकारी धन का दुर्पयोग होता दिख रहा।

प्रेस प्रतिनिधि ने ग्रामीणों किसानों की शिकायत पर 24दिसंबर को प्रातः ग्यारह बजे करीब जायजा लिया। जिसमें देखा गया कि पूर्व प्रधान महेंद्र प्रताप सिंह उर्फ पटवारी सिंह के खेत में निर्मित पक्की नाली विभाग द्वारा पटवा दिया गया है,जो मिट्टी नहर की पटरी बांध पर डालनी चाहिए वह मिट्टी किसानों के खेत में फिंकवा दी गई, जिससे नाली पटने के साथ साथ ग्राम पंचायत की लगी पूंजी नष्ट हुई,और नहर में जगह जगह नष्ट,कटिंग से नहर का पानी किसानों के खेत में जा धमका है। जिससे गेहूं की फसल नष्ट हो रही। किसानों ने बताया विभाग को मुआवजा देना पड़ेगा। पूर्व प्रधान ने बताया नष्ट हुई नाली को भी पूर्व स्थिति में विभाग को करनी होगी।

इसी तरह बेलन नदी लखनपुर पंप कैनाल के निकट बन रहा बारजा दीवार चबूतरा किस्म का भी घटिया निर्माण एवं सामग्री में बिना मिक्सर मशीन के ही कच्ची जमीन में ही मसाला बना कर बिना क्वांटिटी के मनमाने ढंग से निर्माण कार्य किया जा रहा देखा गया। गांव में आने जाने वाले पाइप लाइन पर भी व्यवस्थित रास्ता नहीं बनाया गया। घटिया अनगढ़ अफसरों की नजर न पड़े उसे एक किनारे हटवा दिया गया देखा गया।

इसी प्रकार विद्युत स्टेशन पर निर्माण कार्य में साफ सफाई का आभाव दिखा।डिलीवरी टैंक का कार्य बिना प्लास्टर तोड़े रिपेयर किया गया। किसानों ने बताया कि उक्त नहरों की मरम्मत के लिए आर हेड पर बीस बीस मीटर पक्का लाइनिंग कार्य के लिए प्रस्तावित निर्माण कार्य पर भी घटिया कार्य बताया गया।

फिलहाल नहर विभाग के अधिकारियों ने जिलाधिकारी ने ध्यान न दिया तो सरकार का पैसा इधर उधर होगा ही किंतु वास्तविक गुणवत्ता पूर्ण कार्य योजना भी नहीं संपन्न हो सकेगी। लूट पाट का खेल दिख रहा है।

**बोले सहायक अभियंता**

''सरकार द्वारा पूरे पम्प कैनाल प्लांट के मरम्मती करण हेतु साढ़े चार करोड़ रुपए स्वीकृत है जिसे खर्च किया जा रहा है। गुणवत्ता विहीन कार्य के लिए कहा देखेंगे गलत कार्य नहीं होने पाएगा। वैसे कोई गड़बड़ी नहीं दिख रही। किसानों की भी समस्या देखेंगे।''

**-सहायक अभियंता लघु डाल**

**नहर प्रखंड लखनपुर प्रयागराज**

''मेरे ग्राम सभा में इस विभाग के अफसरों ठीकेदारों की लापरवाही से नहर मरम्मत के नाम पर लूटपाट तो हो ही रही है किंतु मेरी फसल जो बर्बाद हुई इसका जिम्मा कौन लेगा। नाली नष्ट कराई गई सरकारी धन का नुकसान कौन भरेगा। मैं जिलाधिकारी प्रयागराज और माननीय मुख्य मंत्री जी से तथा इस विभाग के एसी से जांच कार्यवाही की मांग करता हूं।''

''लखनपुर लघुडाल नगर प्रखंड की हो रही मरम्मती करण में मनमानी खेल की जांच हेतु जिलाधिकारी महोदय से मांग करता हूं।''

**-असद अहमद सोशल एक्टिविस्ट देवघाट अल्हवा कोरांव प्रयागराज**

## घर में घुसकर लाखों का गहना चोरी, सीओ ने मामला बताया संदिग्ध

**जंघई।** सेमरी गांव में प्रथम तल पर चढ़कर चोरों ने आलमारी, बक्सा का ताला तोड़कर 1 लाख 30 हजार नगदी सहित 30 लाख का आभूषण चुरा लिया सूचना पर मीरंगज पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल किया नवागत मीरंगज थानाध्यक्ष प्रशांत सिंह को चोरों ने चार्ज लेते ही शचुनौती दे दी। सेमरी डीह निवासी रमेश शर्मा ने बताया कि रविवार सोमवार की मध्य रात्रि में चोरों प्रथम तल पर चढ़कर कमरे में रखी आलमारी व बक्सा का ताला तोड़कर 1 लाख 30 हजार नगदी सहित 30 लाख का आभूषण चुरा ले गये। जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी तो मौके पर डायल 112 पुलिस पहुंची, सुबह जंघई चौकी इंचार्ज आनंद सिंह व 10 बजे फारेंसिक टीम पहुंच कर जांच किया। रमेश शर्मा ने बताया कि दो सोने की चैन, करधनी एवं पैजनी चांदी की , बडा मंगलसूत्र, चार चूड़ी, झूमका तीन सेट, बाला दो सेट, अंगूठी चार, हाफ पेटी, पायल 6 जोडी , लक्षा आठ तथा एक लाख तीस हजार नगदी, 7 चांदी का सिक्का चोर चुराने मे सफल रहे। सीओ प्रतिमा वर्मा का कहना है चोरी की सूचना है लेकिन इतनी बड़ी चोरी हुई है मामला संदिग्ध लग रहा है फिलहाल मामले की जांच की जायेगी।

# भावी जिला पंचायत सदस्य गन्नू मौर्य ने नयापुरा गांव में वितरित किए बॉलीबॉल किट और बैट बॉल

**अखंड भारत संदेश**



खेल किट का वितरण करते भावी जिला पंचायत सदस्य राम गणेश मौर्य

**सोरांव।** क्षेत्र के वार्ड नंबर 34 से जनता जनार्दन की सेवा करने के लिए तथा सरकार की योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाने व विकास की गंगा बहाने के लिए सोरांव ब्लॉक के बाहर सराय निवासी समाजसेवी व प्रधान पति राम गणेश मौर्य (गन्नू) मिस्त्री ने बुधवार को कई गांव में जाकर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिए तथा युवा खिलाड़ियों को खेल किट का भी वितरण किए।

सोरांव तहसील अंतर्गत नयापुरा और शहाबपुर गांव में युवा खिलाड़ियों को बॉलीबॉल किट और बैट बॉल का वितरण किए। मौर्य ने कहा कि इस बार वार्ड नंबर 34 से सभी सम्मानित मतदाताओं ने आशीर्वाद दिया तो जरूर जरूरत मंद लोगों को सरकार की सभी योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाई जाएगी। ग्रामीणों की माने तो राम गणेश मौर्य एक सम्मानित कर्मठशील तथा ईमानदार छवि के प्रत्याशी है। जरूरत पड़ने पर कभी भी किसी के साथ खड़े होने में हिचकते नहीं है। हमेशा लोगों के बीच में रहते है। मौके पर संजय कुमार, प्रताप, ओम प्रकाश, शिव प्रकाश, मोनू पटेल, पंकज, मनीष कुमार गौतम एडवोकेट, अलोक उर्फ सावन आदि लोग रहे।

# सांसद सीमा द्विवेदी ने सेमरी जंघई में की जनसुनवाई

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी द्वारा सेमरी ग्राम सभा प्रधान प्रमोद कुमार गुप्ता के कार्यालय जंघई कालोनी पर मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम किया जिसमें उपस्थित लोगों की समस्याओं का निवारण किया गया। सेमरी, जमुनीपुर गांव में सांसद निधि से विकास कार्य करते हुए किसानों की बिजली की समस्या का निवारण किया। प्रधान प्रमोद कुमार गुप्ता के प्रार्थना पत्र पर सांसद ने प्रथम वरियता देते हुए नया ट्रांसफार्मर और 6 खंभे लगवा कर जनता को सौंपा। इस गांव में आजादी के बाद से ही बिजली को लेकर चल रही समस्याओं का समाधान हुआ इस कार्य का उद्घाटन सांसद महोदया के द्वारा किया गया। प्रधान के अनुसार जमुनीपुर गांव में कोई नेता अभी तक नहीं आया लेकिन सांसद महोदया के आने, और की मांग पूरी करने से लोगों का मनोबल बढ़ा है। विगत दिनों गांव में लालजी शर्मा के यहां हुई चोरी की घटना पर सांसद उनके घर पहुँची और परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए सांसद ने मौके पर ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता किया और उन्हें स्पष्ट निर्देश दिया कि विशेष टीम का गठन करके मामले की सघन जांच की जाए और घटना का त्वरित खुलासा कर चोरी हुए गहने एवं नगदी की बरामदगी सुनिश्चित की जाए।

# शिक्षकों की सजगता से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव : राजेंद्र सिंह पटेल

**अखंड भारत संदेश**



**सैदाबाद।** शिक्षकों की सजगता से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव है उक्त बातें कस्बे में आयोजित एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में उपस्थित प्रधानाध्यापक एवं प्रधानों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सैदाबाद राजेंद्र सिंह पटेल ने कही। उन्होंने कहा कि हम सभी को शत प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति करने के लिए प्रयास करना चाहिए। शिक्षकों को अपने कार्य में बदलाव लाते हुए समाज को सही दिशा प्रदान करने के लिए आगे आना होगा। इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए प्रधानाध्यापक पूनम कुशवाहा, संगीता दुबे, सुमित्रा चतुर्वेदी ,शांति, निशा तिवारी, अर्चना, अभिषेक कुमार, सीमा श्रीवास्तव ,रागिनी सिंह को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार विद्यालय में बेहतर कार्य करने में सहयोग करने वाले ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण कुमार यादव आरती पांडेय अनुराधा सिंह धीरेंद्र पटेल कमल सिंह को सम्मानित किया गया। प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों का सहयोग करने वाले ग्राम प्रधान समोदीपुर लाल गुप्ता कनकपुर की अर्चना, गढ़वा की रीता त्रिपाठी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश यादव एवं संचालन उमाशंकर विश्वकर्मा ने किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष इंद्रेश तिवारी, जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष राम जी संतोषी, आलोक श्रीवास्तव समेत कई लोग मौजूद रहे।

# वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा माघ मेला-2026 की तैयारियों का निरीक्षण कर कार्य प्रगति का लिया गया जायजा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मेलाधिकारी ऋषिराज, नगर आयुक्त सीलम सांई तेजा, अपर पुलिस आयुक्त डॉ अजय पाल शर्मा, एसपी मेला नीरज पाण्डेय ने माघ मेला-2026 के दृष्टिगत हो रही तैयारियों का निरीक्षण कर कार्यप्रगति का जायजा लिया तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन व यातायात प्रबंधन के दृष्टिगत आईसीसीसी में बनाये गये कंट्रोल रूम का निरीक्षण भी किया तथा सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा मेला क्षेत्र भ्रमण कर संत-महात्माओं को विद्युत, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई अन्य सुविधाओं की उपलब्धता की स्थिति तथा अवसंरचनात्मक व्यवस्थाओं की प्रगति को देखा। उन्होंने सेक्टर-4 में महावीर पाण्टुन पुल के पास गंगाजी के द्वारा हो रहे कटान का निरीक्षण किया तथा जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को कटान को रोके जाने हेतु अवरोधात्मक उपाय करने के निर्देश दिए है। वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा खाकचौक में संत-महात्माओं के साथ बैठक कर प्रशासन के द्वारा उन्हें उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं एवं अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गयी।

तत्पश्चात पुलिस आयुक्त ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आईसीसीसी में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया तथा शहर व मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, उनकी लोकेशन तथा उनकी विजुअल को चेक करते हुए लाइव फीड को देखा। उन्होंने कंट्रोल रूम में ऐसे लोगो को नियुक्त करने के निर्देश दिए है, जिन्हें कम्प्यूटर तथा सीसीटीवी की तकनीकी जानकारी के साथ मेला क्षेत्र व जनपद के अन्य क्षेत्रों की जानकारी हो। उन्हें सीसीटीवी कैमरा किस क्षेत्र का विजुअल दिखा रहा है, उसकी लोकेशन एवं क्षेत्र की अच्छी जानकारी हो। उन्होंने पुलिस विभाग के जनपद में पूर्व से तैनात अनुभवी लोगो को कंट्रोल रूम में नियुक्त करने के साथ ही अच्छे से सभी का अच्छे से प्रशिक्षण कराये जाने के लिए कहा है। इसके पूर्व सभी वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा मेला क्षेत्र में बनाये गये अस्थायी पुलिस कार्यालय में बैठक कर सुरक्षा, भीड़, यातायात प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्बंध में बैठक की गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र सहित अन्य सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अटल बिहारी ने भारत को वैश्विक परिदृश्य में नई पहचान दिलाई : प्रोफेसर तेज प्रताप सिंह

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के अटल बिहारी बाजपेयी सुशासन पीठ के तत्वावधान में भारतरत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के 101वें जन्मोत्सव के अवसर पर बुधवार को अटल जी की वैश्विक दृष्टि विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रोफेसर तेज प्रताप सिंह, आचार्य, राजनीतिशास्त्र विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने अपने उद्बोधन में अटल जी के व्यक्तित्व, कृतित्व और वैश्विक दृष्टि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी एक पॉलिटीशियन से ज्यादा एक स्टेट्समैन थे। उन्होंने बताया कि अटल जी ने अपने 65 वर्ष के राजनीतिक जीवन में से लगभग 57 वर्ष विपक्ष में एक सक्रिय भूमिका का निर्वाहन किया जो उनके शांत एवं धैर्यशील व्यक्तित्व का परिचायक है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने विश्व में गुटनिरपेक्ष नीति का पुनः प्रतिनिधित्व किया। प्रोफेसर सिंह ने बताया कि अटल जी एक सहृदय प्रधानमंत्री थे परन्तु राष्ट्रहित में आवश्यकता पड़ने पर उन्होंने कड़े निर्णय भी लिए। उनके द्वारा लिए गए निर्णयों ने भारत को वैश्विक परिदृश्य में एक नई पहचान दिलाई जो आज मुखर रूप से प्रदर्शित होती है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि किसी भी राष्ट्र या संस्था का निर्माण व्यक्ति आश्रित होता है। भारत राष्ट्र के निर्माण में भारतरत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी अपने नाम के ही अनुरूप अटल आश्रय की भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि यह अटल जी की विश्व दृष्टि थी जिसने भारत को स्थिर राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उन्होंने अटल जी की काव्य लेखन को राष्ट्र प्रेम से प्रेरित बताते उनकी कविताओं की तुलना राष्ट्रकवि दिनकर जी की कविताओं से की। इसी क्रम में उन्होंने अटल जी को क्षमा, धैर्य एवं साहस की प्रतिमूर्ति बताते हुए राष्ट्र सेवा में उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

संगोष्ठी के संयोजक अटल सुशासन पीठ के सह निदेशक प्रोफेसर आनन्दानन्द त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवर्तन किया। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के समस्त विद्याशाखाओं के निदेशक आचार्य, सहआचार्य, सहायक आचार्य, शोधार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। 25 दिसंबर को पूर्वाह्न 8:45 बजे सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# गंगोत्री फीलिंग स्टेशन पर पेट्रोल लेने आए युवकों ने सेल्समैन के साथ की मारपीट, नकदी लूटकर फरार

**अखंड भारत संदेश**




**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र के अकोढ़ा सोनार के तारा स्थित गंगोत्री फिलिंग स्टेशन पर बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप एवं अफरा-तफरी मच गई, जब तेल लेने आए दो बाइक सवार युवकों ने पेट्रोल पंप पर तैनात सेल्समैन के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने डंडे से हमला कर उसे घायल कर दिया और तीन रुपये नकद लूटकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धरमपुर (शुक्लपुर) गांव निवासी आकाश कुमार बिन्द पुत्र राजेन्द्र कुमार ने थाना मेजा में दी गई तहरीर में बताया कि वह पिछले चार वर्षों से उक्त पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के रूप में कार्यरत है। बुधवार को करीब डेढ़ बजे वह ड्यूटी पर मौजूद था। इसी दौरान मोटरसाइकिल संख्या यूपी 70 एफए 7768 से पहुंचे दो युवक तेल लेने के बाद कटी-फटी नोट देने लगे। जब उसने नोट बदलने की बात कही तो दोनों युवक आपा खो बैठे और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि इसके बाद दोनों युवकों ने हाथ में लिए डंडे से उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। जाते समय ड्यूटी से छूटने के बाद हाथ-पैर तोड़ने की भी धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी उसके पास से तीन हजार रुपये नकद लूट ले गए। घटना के बाद आनन फानन में पीड़ित ने 112 नंबर पर कॉल किया, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जानकारी लेने के बाद पीड़ित को थाना मेजा में तहरीर देने को कहा। थाना पुलिस के अनुसार तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है और शीघ्र ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात बुलेट सवार की टक्कर से युवक की मौत




**करछना।** थाना कौंधियारा क्षेत्र के बड़गोहना कला गांव निवासी 22 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मंगलवार देर शाम बाजार से सामान लेकर घर लौट रहे युवक को अज्ञात बुलेट सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक शिवा पुत्र रविन्द्र बिंद मंगलवार की शाम कौंधियारा क्षेत्र के बारी बजहिया बाजार गया था। रात करीब आठ बजे वह पैदल घर लौट रहा था, तभी तेज रफ्तार में आए अज्ञात बुलेट सवार ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिवा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बुलेट सवार मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उपचार किया, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण उसकी मौत हो गई। बताया गया कि शिवा अपने परिवार में दो भाइयों और एक बहन में दूसरे नंबर का था तथा खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। करीब आठ माह पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। देर रात शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# मेजा ऊर्जा निगम ने देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में हासिल किया उल्लेखनीय उपलब्धि

## 47वें अखिल भारतीय पीआरएसआई अवाड्र्स 2025 में निगम ने ई-न्यूजलेटर श्रेणी में द्वितीय तथा पीएसयू द्वारा सर्वश्रेष्ठ कौशल विकास कार्यक्रम श्रेणी में प्राप्त किया तृतीय पुरस्कार




मेजा ऊर्जा निगम स्थित कार्यालय में अवार्ड प्राप्त करते मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशेष चट्टोपाध्याय

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड ने देहरादून में आयोजित 47वें अखिल भारतीय पीआरएसआई पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस अवॉर्ड्स 2025 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए ई-न्यूजलेटर श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार तथा पीएसयू द्वारा सर्वश्रेष्ठ कौशल विकास कार्यक्रम श्रेणी में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार औपचारिक रूप से मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशेष कुमार चट्टोपाध्याय को मेजा स्थित निगम कार्यालय में विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) विवेक चंद्रा एवं उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन)अजय सिंह द्वारा सौंपा गया। ई-न्यूजलेटर पुरस्कार मेजा ऊर्जा निगम द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका ह्यमुकुलह्न के लिए प्रदान किया गया, जो संगठन की गतिविधियों, पहलों एवं उपलब्धियों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करती है। वहीं कौशल विकास कार्यक्रम पुरस्कार नैगम सामाजिक दायित्व पहलों के अंतर्गत क्रिस्प एवं सीपेट जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से किए जा रहे प्रभावशाली कार्यों के लिए प्रदान किया गया। इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों को समारोह के दौरान कार्यपालक (नैगम संचार) सुश्री प्रकृति मिश्रा ने मेजा ऊर्जा निगम की ओर से प्राप्त किया। इस दौरान निगम के सीईओ अशेष चट्टोपाध्याय ने कहा कि यह उपलब्धि जनसंपर्क और नैगम सामाजिक दायित्व के क्षेत्र में उत्कृष्टता, सार्थक सामुदायिक सहभागिता तथा समावेशी एवं सतत विकास के प्रति मेजा ऊर्जा निगम की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

देहरादून में दो पुरस्कार से सम्मानित होने तथा कार्यालय में पुरस्कार प्राप्त कर बोले निगम के सीईओ अशेष कुमार चट्टोपाध्याय यह उपलब्धि जनसंपर्क विभाग और नैगम सामाजिक दायित्व के क्षेत्र में उत्कृष्टता, सार्थक सामुदायिक सहभागिता तथा समावेशी एवं सतत विकास के प्रति मेजा ऊर्जा निगम की प्रतिबद्धता को करती है रेखांकित।

# मानवता की ओर लौटने का पर्व है 'क्रिसमस'

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** हर वर्ष क्रिसमस के आगमन पर यह एहसास होता है कि हमारी दुनिया भले ही तेज और स्मार्ट हो गई हो, लेकिन वह आवश्यक रूप से अधिक दयालु नहीं हुई है। हम एक ऐसे समय में जी रहे हैं जहाँ हमारी स्क्रीनें उज्ज्वल हैं, पर हमारी करुणा मंद पड़ती जा रही है। तकनीक ने संवाद को आसान बनाया है, लेकिन रिश्तों में दूरी भी बढ़ाई है। हमारे मोबाइल ऐप्स से भरे हैं, पर हमारे संबंधों में रिक्तता दिखाई देती है।आज हमारे हाथों में स्मार्ट फोन हैं, लेकिन घरों में रिश्ते नाजुक हो गए हैं। बातचीत की जगह स्क्रॉलिंग ने ले ली है। हम संदेशों का उत्तर तुरंत देते हैं, पर सहानुभूति दिखाने में देर करते हैं। हम 'लाइक्स' गिनते हैं, रिश्ते खो देते हैं; हमारी टाइमलाइन भरी है, पर दिल खाली हैं। ऑनलाइन जीवन जीते हुए हम वास्तविक जीवन की उपेक्षा करने लगे हैं-पास बैठे व्यक्ति, जरूरतमंद पड़ोसी, बुजुर्ग और बच्चे।इसी मानवीय टूटन के बीच क्रिसमस का संदेश हमें संबोधित करता है। यीशु का जन्म सादगी और असुरक्षा में हुआ और उनका आगमन गरीबों, पापियों और दबे-कुचलों के लिए आशा और मुक्ति का आश्वासन बना। यह संदेश आज भी धर्म की सीमाओं से परे लोगों को प्रेरित करता है और याद दिलाता है कि कोई भी उपेक्षित नहीं है। क्रिसमस हमें सिखाता है कि करुणामय समाज गति या सफलता से नहीं, बल्कि देखभाल और जुड़ाव से बनता है।अनुभव बताता है कि करुणा बड़े कार्यों से नहीं, बल्कि छोटे मानवीय व्यवहारों से शुरू होती है ध्यानपूर्वक सुनने, बिना शर्त क्षमा करने और खुशी से बाँटने से। ऐसे सरल कार्य रिश्तों को जोड़ते और विश्वास को पुनर्स्थापित करते हैं।विविध समाज में क्रिसमस के मूल्य शांति, सद्भावना, उदारता और सेवा सभी के लिए हैं। इस क्रिसमस, यदि हम अपनी पूर्ण और करुणामय उपस्थिति को उपहार बना सकें, तो हम एक अधिक मानवीय और जुड़ा हुआ समाज बना सकते हैं।

## माघ मेला सेवा और समर्पण का पर्व,डीएम ने सतुआ बाबा आश्रम भंडारे में सेंकी रोटियां



**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र के खाक चौक स्थित तपस्वी नगर पहुंचे जिलाधिकारी ने संतों के भंडारे में हाथ बंटाया। बुधवार को डीएम, माघ मेलाधिकारी और नगर आयुक्त ने मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी सेक्टर-चार स्थित महावीर मार्ग के दक्षिणी पटरी पर स्थापित तपस्वी नगर महामंडलेश्वर गोपाल दास महाराज के शिविर पहुंचे। खाक चौक व्यवस्था समिति के प्रधानमंत्री जगद्गुरु संतोष दास ह्यसतुआ बाबाह्न के साथ बैठकर रोटियां सेंकी। डीएम ने कहा कि माघ मेला केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और सामाजिक समरसता का भी जीवंत प्रतीक है।

## अपर मेलाधिकारी ने सुनीं 200 साधु-संतों की समस्याएं

अपर मेलाधिकारी ने बुधवार को माघ मेले में भूमि आवंटन और सुविधाओं से जुड़े मामलों की जन सुनवाई की। इसमें 200 मामलों के निस्तारण करने का दावा किया गया है। अपर मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद ने कहा कि अरैल क्षेत्र में कुछ भूखंड निकल आए थे, उन्हें नई संस्थाओं को वरीयता के तहत देना शुरू कर दिया गया है। कोशिश है कि बसावट कार्य तेजी से कराया जाए।

## टोंस नदी में अवैध बालू खनन पर बड़ी कार्रवाई, पट्टाधारक सहित आठ पर एफआईआर की तैयारी

**करछना।** टोंस नदी के किनारे अवैध बालू खनन की शिकायत पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। 24 दिसंबर 2025 को जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व विभाग, खनन विभाग और थाना करछना की संयुक्त टीम ने ग्राम भगनपुर व धरवारा में निरीक्षण किया। जांच में ग्राम भगनपुर में बालू खनन पट्टा खंड संख्या 42 के पट्टाधारक द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से करीब दो किलोमीटर दूर नदी किनारे लगभग 7800 घन मीटर बालू की अवैध निकासी पाई गई।

# न्यूज झरोखा

## मांडा बामपुर एमपीआई कॉलेज के 100 छात्र वाराणसी भ्रमण के लिए रवाना

**मांडा।** प्रयागराज जिले के मांडा क्षेत्र स्थित मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर के लगभग 100 छात्रों का एक समूह वाराणसी भ्रमण के लिए रवाना हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों से परिचित कराना है। छात्रों को दो निजी बसों द्वारा वाराणसी ले जाया गया, जहाँ उन्होंने महादेव की नगरी काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। इसके अतिरिक्त, छात्रों ने सारनाथ स्थित महात्म बुद्ध के स्थल का भी भ्रमण किया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को देश के महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों की जानकारी देना है। इसका लक्ष्य युवा पीढ़ी को सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति से जोड़ना तथा उन्हें अपनी विरासत के प्रति जागरूक करना है। यह आध्यात्मिक और शैक्षिक यात्रा विद्यालय की शिक्षिका पूनम मालवीया और उनके सहयोगी शिक्षकों की देखरेख में संपन्न कराई जा रही है।

## आईजीयूएम एकेडमी में क्रिसमस की धूम, बच्चों की खुशियों से गुलजार हुआ विद्यालय परिसर



**प्रयागराज।** यमुना पार क्षेत्र के विकासखंड कौंधियारा अंतर्गत आईजीयूएम एके-डमी, पटेलनगर अकोढ़ा में क्रिसमस पर्व एक दिन पूर्व ही पूरे उत्साह, उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। बुधवार को विद्यालय परिसर सुबह से ही उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। क्रिसमस के अवसर पर विद्यालय को आकर्षक सजावट से सजाया गया था, वहीं बच्चों के चेहरों पर खुशी और उमंग साफ दिखाई दे रही थी। कार्यक्रम की शुरूआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें प्रभु यीशु मसीह के जीवन, उनके संदेशों और क्रिसमस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं ने सांता क्लॉज की वेशभूषा धारण कर गीत, नृत्य और छोटी-छोटी प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने प्रेम, सेवा, भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। विद्यालय की कॉर्डिनेटर व प्रिंसिपल दीक्षा तिवारी ने सभी विद्यार्थियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें मानवता, करुणा और निस्वार्थ सेवा की सीख देता है। उन्होंने बच्चों को सच्चाई, अनुशासन और एक-दूसरे की मदद करने के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों को उपहार वितरण रहा। उपहार पाकर बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। तालियों और मुस्कान के बीच पूरा विद्यालय परिसर आनंद से गूंज उठा। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई। अंत में मिठाइयों का वितरण कर सभी ने एक-दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मीरापुर विकासखंड मंझनपुर जनपद कौशांबी

**टेंडर सूचना**

सर्वसाधारण किया जाता है कि विकासखंड मंझनपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मीरापुर में वित्तीय वर्ष 2025 2026 में राज्य वित्त 15 वा वित्त योजना के अंतर्गत शकीला बानो के घर से पक्की सड़क तक नाली निर्माण का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है जिसकी लागत एक लाख 47 हजार रुपए अनुमानित है उक्त निर्माण कार्य के लिए पंजीकृत फर्म से टेंडर निविदा आमंत्रित की जाती है दिनांक 25 दिसंबर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में संबंधित फर्म और ठेकेदार जमा कर निविदा में भाग ले सकते हैं 3 जनवरी 2026 को दोपहर 2:00 बजे उपस्थित फर्म के सामने सार्वजनिक तरीके से निविदा खोली जाएगी निविदा स्वीकृत और अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**हीरा मनी**
**ग्राम प्रधान**

**सौम्या साहू**
**पंचायत सचिव**






# जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद खेल स्पर्धा का हुआ भव्य समापन

## पेयजल व्यवस्था हेतु 11 नग पानी के टैंकर को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

अखंड भारत संदेश





**प्रतापगढ़।** जिला स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल स्पर्धा के समापन के अवसर पर राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये। इस अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव व अन्य पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। सांसद खेल स्पर्धा के दूसरे और अंतिम दिन स्पोर्ट्स स्टेडियम में कुल 5 खेलो एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कुश्ती और कबड्डी के सभी विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्य सांसद अमरपाल मौर्य का जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने पुष्पगुच्छ और उप खेल अधिकारी रंजीत यादव ने बैज लगाकर स्वागत किया। राज्यसभा सांसद ने प्रतियोगिता में विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सांसद ने जनपद के लिए भविष्य में हर संभव मदद करने का आश्वासन देने के साथ साथ खेलो के महत्व पर प्रकाश डाला और जनपद के लिए विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया। सांसद खेल स्पर्धा समापन कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये अपने-अपने विचार व्यक्त किये।राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने जिला स्पोर्टस स्टेडियम में सांसद निधि योजनान्तर्गत स्वीकृत 05 नग सी.सी. रोडध्इण्टर लाकिंग कार्य का लोकार्पण किया गया तथा पेयजल व्यवस्था हेतु 3000 लीटर के 11 नग पानी के टैंकर को हरी झंडी दिखाकर नगर पालिकाध्नगर पंचायतों को हस्तगत किया गया। इस अवसर पर जिला प्रभारी भाजपा कौशलेंद्र पटेल, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत कुमार राय, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र शुक्ला, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, निशित श्रीवास्तव जिला महामंत्री, संतोष मिश्रा भाजपा नेता, रामजी मिश्रा जिला मंत्री भाजपा, आनंद मिश्रा भाजपा नेता, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह, विद्यासागर शुक्ला, गिरधारी सिंह, अशोक कुमार सिंह, शिवानी मातनहेलिया, प्रमिला शुक्ला, रमा मिश्रा, यशोदा शुक्ला, राहुल मौर्या, चंद्र प्रताप सिंह, विनय सिंह सहित सभी नगर पंचायतों के अध्यक्ष सहित संगठन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह अपनी पूरी टीम के साथ, सुशील कुमार सिंह जिला स्काउट शिक्षक अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे। अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में कबड्डी प्रशिक्षक जय प्रकाश यादव, एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव, कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार, तलवारबाजी प्रशिक्षक लवली मिश्रा, फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह, दुर्गेश तिवारी मुन्ना, कपिल ,विमल, पवन इत्यादि का आभार प्रकट किया।

## रबी सीजन में फसलों को ठंड से बचाने के लिए आवश्यक सलाह एवं उपाय को अपनाये : जिला कृषि अधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूवार्नुमान के अनुसार, आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में गिरावट एवं कोहरे की संभावना व्यक्त की गई है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव गेहूं, सरसों, मटर, आलू, चना सहित अन्य रबी फसलों पर पड़ सकता है। अत्यधिक ठंड एवं पाला पड़ने से फसलों की वृद्धि रुक सकती है, पत्तियां पीली पड़ सकती हैं एवं उत्पादन पर विपरीत असर पड़ सकता है। उन्होने किसान भाईयो को सलाह एवं बचाव के उपाय के सम्बन्ध में बताया है कि यदि फसल खेत में हो और पाला पड़ने की संभावना हो, तो हल्की सिंचाई करें। इससे खेत का तापमान संतुलित रहता है और ठंड का प्रभाव कम होता है। खेत में फसल अवशेषों की पलवार बिछा सकते हैं। इससे मिट्टी का तापमान और नमी बनी रहती है। फसल में पोटाश युक्त उर्वरकों के प्रयोग से पाला सहनशीलता बढ़ाई जा सकती है। फॉस्फोरस व पोटाश का संतुलित उपयोग लाभदायक रहता है, ठंड के प्रभाव को कम करने हेतु 0.1 प्रतिशत सल्फर या अनुशंसित सूक्ष्म पोषक तत्वों का छिड़काव लाभकारी रहता है। ठंड के प्रकोप से फसलों में कुछ रोगों (जैसे-पाउडरी मिल्ड्यू) का प्रसार हो सकता है। निर्धारित मात्रा में उचित फफूंदनाशक का छिड़काव समय रहते करें। हरी खादध्कम्पोस्ट के उपयोग से खेत में कार्बनिक पदार्थों की मात्रा बढ़ाने से मिट्टी का स्वास्थ्य और ताप संतुलन बेहतर रहता है। मौसम पूवार्नुमान पर नजर रखें और आवश्यकता अनुसार तुरंत उपाय करें।उन्होने किसान भाईयों से अपील करते हुये कहा है कि वे मौसम की नवीनतम जानकारी के लिए सतर्क रहें तथा फसल सुरक्षा के लिए उपरोक्त उपायों को अमल में लाएं। किसी भी प्रकार की तकनीकी सलाह या सहायता के लिए निकटवर्ती कृषि विज्ञान केंद्र, ब्लॉक तहसील कृषि अधिकारी या जिला कृषि विभाग के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# दुष्कर्म का आरोपी जावेद उर्फ चांद बाबू जिला अस्पताल से हुआ फरार

## मुठभेड़ के बाद पुलिस कस्टडी में इलाज के लिए जिला अस्पताल में कराया गया था भर्ती





अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पट्टी पुलिस से मुठभेड़ के बाद 25 हजार के इनामिया अपराधी को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद भी अपराधी अस्पताल से फरार हो गया। मामले में एक दरोगा सहित चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उडैयाडीह बाजार में शनिवार शाम चाट की दुकान चलाने वाले एक युवक की 9 वर्षीय मासूम बेटी के साथ जावेद उर्फ चांद बाबू ने दुष्कर्म का प्रयास किया।मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर उसके खिलाफ दुष्कर्म व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। मंगलवार रात आमापुर मोड़ पर पुलिस से मुठभेड़ हुई जिसमें उसके बाएं पैर में गोली लगी।इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां आरोपी की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पट्टी के दारोगा केशव प्रसाद, हेड कांस्टेबल विनोद सिंह,आंनद व सिपाही गुलशन को लगाया गया। इसके बाद भी जावेद उर्फ चांद बाबू बुधवार सुबह जिला अस्पताल से फरार हो गया। मामले में जांच के आदेश दिये गये है। आरोपी की तलाश में टीमें गठित की गई है। उडैयाडीह बाजार सहित आसपास के कई गांवों में आरोपी के फरार होने की चर्चा दिन भर रही। लोगों का कहना है कि पैर में गोली लगी और पुलिस सुरक्षा के बाद वह अस्पताल से कैसे फरार हो गया।

# शिविर में परीक्षण के पश्चात दो सौ सत्तर दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिक हुए चिन्हित

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री व एडिप योजना के तहत बुधवार को निश्शुल्क शिविर का आयोजन किया गया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के निर्देशन में सरयू समाज कल्याण संस्थान के तत्वाधान में रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड परिसर में आयोजित शिविर में दिव्यांग व बुजुर्ग लाभार्थियों का परीक्षण किया गया। आयोजित शिविर में कुल 199 दिव्यांग और 71 वरिष्ठ नागरिकों को परीक्षण के पश्चात चिन्हित किया गया। डॉ. राज कृष्ण गुप्ता, डा. अजय गुप्ता, डॉ. शिवम सिंह, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. अनिल कुमार की अगुवाई में 8 डाक्टरों ने शिविर में सहयोग किया। विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने बताया कि कुल 270 लाभार्थियों को चिन्हित किया गया है। पात्रता के अनुसार इन्हें ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी, ईयर मशीन आदि उपकरणों का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख भुवनेश्वर प्रसाद शुक्ल, बीडीओ विजय शंकर मणि, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालजी यादव, आशीष उपाध्याय, राकेश चतुवेर्दी, ओमप्रकाश धुरिया, हरिश्चंद्र सरोज, आचार्य विद्याधर पटेल, आशीष शुक्ल, नन्हें लाल यादव, लालजी पटेल, हरिओम सिंह, डॉ. रामजीत सरोज मौजूद रहे।

## धोखाधड़ी करके खाते से उड़ाये छान्नवे हजार, केस

**लालगंज।** धोखाधड़ी करके खाते से नकदी निकाल लिए जाने को लेकर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आगरा जनपद के सिकंदरा थाना अन्तर्गत विनायक नगर का मूल निवासी कुंदन शर्मा पुत्र रवीन्द्र शर्मा लीलापुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर बाबूगंज में रहता है। पीड़ित का आरोप है कि बीती तेरह दिसंबर को सुबह उसके फोन पर दस हजार रुपए खाते से कटने का संदेश आया। इसके बाद पीडित ने एकाउन्ट चेक किया तो उसके खाते से छान्नवे हजार नौ सौ पन्चान्वे रुपए निकाले जा चुके थे। पीड़ित ने घटना की शिकायत डेरवा स्थित बैंक आफ बडौदा शाखा के साथ ही साइबर क्राइम पोर्टल पर भी किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की छानबीन की जा रही है।

## डिजिटल क्राप सर्वे का कार्य करने वाले युवाओं को मिलेगी प्रोत्साहन धनराशि

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि जनपद में ई-खसरा पडताल के अन्तर्गत रबी 2025-26 मे बोई गयी फसलो का डिजिटल क्राप सर्वे का कार्य दिनांक 05.01.2026 से 15.02.2026 के मध्य कराया जाना प्रस्तावित है। कार्य संपादन हेतु शासन के निर्देश के क्रम ऐसे युवा जिनके पास स्वयं का एन्ड्रायड मोबाइल फोन हो एवं उसको भलीभॉति प्रयोग करना जानते हो तथा फसलो की पहचान का ज्ञान हो उन्हे सर्वेयर के रूप में चिन्हित कर सर्वे का कार्य कराया जाना है। एक सर्वेयर से सर्वे कराने हेतु गाटो की अधिकतम संख्या 3000 निर्धारित की गयी है, जिसके हेतु प्रति प्लाट एक फसल हेतु अधिकतम रुपए 5 एवं यदि एक प्लाट में एक से अधिक फसल है, जिसका सर्वे फसल जोड़कर किया जायेगा तो रुपए 5 अतिरिक्त धनराशि किन्तु अधिकतम रुपए 10 की दर से प्रोत्साहन धनराशि दी जायेगी। सर्वेयर के रूप में चिन्हित करने हेतु सम्बन्धित राजस्व ग्रामध्न्याय पंचायत के युवक को प्राथिमिकता प्रदान की जायेगी। कार्य संपादन हेतु चिन्हित युवा को कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षण भी प्रदान किया जायेगा। ऐसे युवा जो उक्त कार्य संपादन हेतु इच्छुक हो उप कृषि निदेशक प्रतापगढ. कार्यालय (कृषि भवन प्रतापगढ.) में अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा एक फोटो के साथ दिनांक 04.01.2026 तक सम्पर्क कर उक्त कार्य संपादन हेतु अपनी आई0डी0 बनवाकर तथा प्रशिक्षण प्रदान कर उक्त कार्य का संपादन सुनिश्चित करे।

# वार्षिक संस्कृति एवं ड्रामा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश




**पट्टी।** तरुण चेतना संस्था द्वारा संचालित बाल अधिकार परियोजना के अंतर्गत वार्षिक संस्कृति एवं ड्रामा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा समाज में बाल संरक्षण एवं शिक्षा का संदेश फैलाना रहा।कार्यक्रम में परियोजना से जुड़े बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, नाटक, गीत और नृत्य के माध्यम से बाल श्रम, बाल विवाह, शिक्षा का अधिकार, बाल हिंसा और समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को भावनात्मक रूप से प्रभावित किया और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी अपर्णा मिश्रा ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और तरुण चेतना संस्था के कार्यों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम का आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने में सहायक होता है बच्चे हमारे देश की शान है। इस अवसर पर संस्था के निदेशक नसीम अंसारी ने कहा कि बाल अधिकार परियोजना का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उन्हें शिक्षित करना और उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करना है। ऐसे सांस्कृतिक एवं नाट्य कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ समाज को भी सोचने के लिए प्रेरित करते हैं।कार्यक्रम में स्थानीय ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वहीद अंसारी अभिभावक, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ब्रह्मदेव उपाध्याय, अराध्या सरोज, मोहित, लक्ष्मी सोनी, गरिमा, पल्लवी, उमेश, अमित गौतम, अभिषेक गौतम, प्रिया, माही गुप्ता, शाकिरा, कुसुम आदि लोग शामिल रहे।

## 31 से पहले अपना पंजीयन नवीनीकरण कराये

**प्रतापगढ़।** सहायक श्रमायुक्त सुविज्ञ सिंह ने बताया है कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत कुल पंजीकृत निर्माण श्रमिक 201686 है। बोर्ड द्वारा ऐसे निर्माण श्रमिक जिनके द्वारा विगत चार वर्ष या उससे अधिक समय से नवीनीकरण नही कराया गया है, उन्हें निष्क्रिय सूची में रखे जाने की व्यवस्था बोर्ड के पोर्टल पर की जा रही है। ऐसे में श्रमिकों को सुझाव दिया गया है कि अगर वे संचालित योजनाओ का निरन्तर लाभ लेना चाहते है तो 31 दिसम्बर 2025 से पहले हरहाल में अपना पंजीयन नवीनीकरण करा लें। सभी निर्माण श्रमिक अपना पंजीयन नवीनीकरण अपने निकटतम सीएससी (जन सुविधा केन्द्र) या बोर्ड के ओपेन पोर्टल न्चठव्ब्.प्छ के माध्यम से अपने पंजीयन का नवीनीकरण करा लें तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाये।

# बेसार गांव में जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन




**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की विपणन विकास सहायता योजना (एससीएसपी) के अंतर्गत विभाग द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु विकास खंड पट्टी के ग्राम बेसार में एक दिवसीय विशाल जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी कृष्ण कुमार यादव ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य जुबैद अहमद रहे, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. इन्द्र कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में ग्राम प्रधान बेसार कंचन पटेल एवं ग्राम प्रधान दाउदपुर पुष्पा शामिल रहीं। जागरूकता शिविर में बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं, परंपरागत कारीगरों एवं ग्रामीण उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को बैंक ऋण के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इन योजनाओं का उद्देश्य स्थानीय उद्योगों को मजबूत करना, कारीगरों और युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी रहेन्द्र कुमार शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर शेर बहादुर वर्मा, जय मंगल सरोज, कार्यक्रम प्रभारी राम अजीत पटेल सहित कार्यालय के श्याम बहादुर, सिद्धांत मौर्या, रामचंद्र वर्मा, सुशील सिंह, दयाशंकर, दिलीप, अनिल आदि उपस्थित रहे। शिविर में सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## न्यूज झरोखा

### मन्दिर स्थापना उत्सव को लेकर आयोजित भण्डारे में श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

**लालगंज।** मन्दिर स्थापना उत्सव को लेकर सांगीपुर विकासखण्ड अन्तर्गत अठेहा में चल रही श्रीराम कथा के विश्राम के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। अठेहा स्थित भगवान बालाजी मंदिर परिसर में मंगलवार की देर शाम तक चले भण्डारे मे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भजन संकीर्तन में भी श्रद्धालु रमे दिखे। कथाव्यास आचार्य शिवम मिश्र ने कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र मानव जीवन के लिए पथ प्रदर्शक है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम की कथा जीवन को सदमार्ग पर ले जाने का माध्यम है। वहीं समीप के मंगापुर में बन्दरों को भी भोजन कराया गया। भण्डारे का संयोजन सामूहिक रूप से कृपाशंकर पाठक, जग प्रवेश मिश्र, सुनील मिश्र, दिनेश तिवारी, मदन लाल चैरसिया, दयाराम मौर्य, बुधई लाल चैरसिया, बनवारी लाल विश्वकर्मा, रामबहोर पाल ने किया।

### एम्बुलेंसकर्मियों ने कराया सुरक्षित प्रसव, खुशी

**प्रतापगढ़।** एम्बुलेंस में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सकुशल प्रसव कराये जाने पर परिजनों ने खुशी जतायी। कोतवाली क्षेत्र के सराय शीतल गांव की प्रसव पीड़िता सरिता पत्नी शशिकांत मिश्र को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे लालगंज सीएचसी ले आये। प्राथमिक परीक्षण के बाद यहां से चिकित्सकों ने उसे महिला जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एम्बुलेंस से परिजन उसे महिला अस्पताल ले जा रहे थे कि इसी बीच सुखपाल नगर के पास प्रसव पीड़ा बढ़ने से ईएमटी मुकेश दुबे ने चालक विजय व मौजूद परिजन के सहयोग से एम्बुलेंस में ही प्रसव कराया। इसके बाद प्रसूता को महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। नवजात के सकुशल सुरक्षित व स्वस्थ होने पर परिजनों ने खुशी साझा की।

### पुरानी रंजिश में हुई मारपीट, तीन पर केस

**प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट व धमकी की घटना में पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के वीरशाहपुर भोजपुर गांव निवासी रामसिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्कीस दिसंबर की रात करीब साढे नौ बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के करूणेश सिंह पुत्र रामदेव, अभय सिंह उर्फ शिखर व अक्षय सिंह उर्फ शिवांजल पुत्रगण करूणेश सिंह ने एकराय होकर पीड़ित के पुत्र सत्यदेव को मारापीटा। बचाव में पहुंची पीड़ित की पत्नी शांती देवी को भी मारापीटा तथा सामानों में तोडफोड किया। एसओ राजेन्द्र तिवारी का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### युवती के अपहरण का केस दर्ज

**लालगंज।** युवती के घर से गायब होने की घटना में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता का आरोप है कि बीती बीस दिसंबर की रात उसकी इक्कीस वर्षीय पुत्री घर से गायब हो गयी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नही चल सका। पीड़िता ने आशंका जतायी है कि अन्तू थाना के गौराडांड़ निवासी सोनू पुत्र स्व0 असद युवती को कहीं भगा ले गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### करपात्री धाम में श्रीराम कथा सोमवार से

**प्रतापगढ़।** धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महराज की जन्मस्थली भटनी में आगामी सोमवार को करपात्री महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन होगा। इसमें अयोध्या धाम के कथाव्यास आचार्य उमेश जी महराज श्रीराम की कथा सुनायेंगे। इसके बाद भण्डारा व दिव्य जागरण का आयोजन भी होगा। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक सौरभ ओझा ने दी है।

### रोजगार मेले का आयोजन 26 दिसम्बर को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में दिनांक 26 दिसम्बर 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की 02 कम्पनियों के द्वारा ट्रेनी आपरेटर व सिक्योरिटी गार्ड के रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन प्रपत्र, मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, सीवी एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन करें।

### फन्दे से लटकता मिला युवक का शव, कोहराम

**प्रतापगढ़।** घर के अंदर फंदे से युवक का शव लटकता देख कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। सांगीपुर थाना के भैरवन गांव निवासी चैबीस वर्षीय विजय कुमार पुत्र अशोक कुमार का शव मंगलवार की देर रात घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला। परिजनों के अनुसार विजय कुमार कुछ दिनो से बीमार चल रहा था। वह सुबह एम्स रायबरेली इलाज के लिए गया था। वहां से लौटने के बाद रात में कमरे में सोने चला गया। करीब रात बारह बजे विजय कुमार की मां रेखा देवी कमरे में पहुंची तो बेटे को फांसी के फंदे से लटकता देख चीखने चिल्लाने लगी। चीख पुकार सुनकर घर के लोग पहुंचे। जानकारी होने पर आसपास के ग्रामीण भी पहुंच गये। फंदे से लटकते युवक को नीचे उतारकर सांगीपुर सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सकों ने विजय को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मृतक तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। पीएम के बाद बुधवार को परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### रास्ते के विवाद में मारपीट का केस दर्ज

**लालगंज।** रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के शीतलाबक्श का पुरवा खण्डवा गांव निवासी सजन लाल पुत्र बच्चू लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीस दिसंबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे रास्ते के विवाद को लेकर गांव के विनोद कुमार, विशाल, संगीता पत्नी कमलेश चार अज्ञात के साथ दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियो ने पीड़िता तथा उसके पुत्र राममिलन पटेल बहू पूनम को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## सम्पादकीय

# अरावली को मृत्युदंड

**पर्यावरण** संरक्षण का मोदी सरकार का वादा उसके बाकी वादों की तरह न केवल खोखला है, बल्कि डरावना भी है। इस संरक्षण के नाम पर सरकार ने एक उद्योगपति को निजी जंगल बनाकर उसमें तमाम तरह के जानवर पालने की अनुमति दे दी। पूरी दुनिया में ऐसे भ्रष्टाचार की मिसाल नहीं मिलेगी। लेकिन पर्यावरण को लेकर सरकार के खौफनाक रवैये का यह अकेला उदाहरण नहीं है। नया उदाहरण 2 अरब साल पुरानी अरावली पर्वत श्रृंखला को सुप्रीम कोर्ट के जरिए मृत्युदंड सुनाने का है। सरकार की बनाई कमेटी की तय परिभाषा के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने अरावली में खनन की जो अनुमति दी है, वह किसी मृत्युदंड से कम नहीं है।

अगड़े-पिछड़े, लोकतांत्रिक-तानाशाही वाले तमाम देशों में पर्यावरण के मुद्दों पर व्यापक बहस होती है, फिर भावी पीढ़ियों को ध्यान में रखकर फैसले लिए जाते हैं। लेकिन भारत शायद इकलौता देश है जहां सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पर केंद्र की सिफारिश पर अपनी मुहर लगा दी और इसमें पर्यावरणविदों की राय जरूरी नहीं समझी गई। सरकार ने किसी पर्यावरणविद को भले सलाहकार नहीं बनाया, फिर भी अरावली में खनन के खिलाफ जो आवाजें चारों तरफ से उठ रही हैं, उन पर ही सर्वोच्च न्यायाल को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए कि आखिर क्या गलत हो रहा है, जिस पर इतना विरोध हो रहा है।

गौरतलब है कि अरावली पहाड़ियों की परिभाषा के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा पर्यावरण मंत्रालय, भारतीय वन सर्वेक्षण, भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण, राज्यों के वन विभागों और सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी के सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई जिसे अरावली को परिभाषित करने को कहा गया। कमेटी ने कोर्ट के सामने अपनी अनुशंसा में कहा कि दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात इन चार राज्यों में लगभग 670 किमी तक फैली अरावली पहाड़ियों में वही पहाड़ियां अरावली श्रृंखला का हिस्सा मानी जायें जिनकी ऊंचाई 100 मीटर या उससे अधिक हो। भारतीय वन सर्वेक्षण के अनुसार, पूरी अरावली श्रृंखला में 12,081 पहाड़ियां हैं जिनमें से मात्र 1048 पहाड़ियां ही यानी केवल 8.7 प्रतिशत हिस्सा ही सरकार के 100 मीटर के मानक पर खरी उतरता है। जिस पहाड़ी की ऊंचाई 99 मीटर है, उसे भी सरकार ने पहाड़ी नहीं माना है। कमेटी की अनुशंसाओं से असहमति जताते हुए न्यायमित्र वरिष्ठ वकील के. परमेश्वर ने अरावली श्रृंखला की नई परिभाषा का विरोध किया। उन्होंने कहा था कि भारतीय वन सर्वेक्षण ने इससे पहले अरावली की परिभाषा को लेकर जो नियम बनाये थे, उसके अनुसार, 3 डिग्री से अधिक ढाल, जिसमें घाटियों की चौड़ाई 500 मीटर हो, उसे अरावली श्रृंखला का हिस्सा समझा जाये, इसके अतिरिक्त पहाड़ी के नीचे (तलछटी) में 100 मीटर की चौड़ाई तक किसी भी किस्म की कोई गतिविधि ना की जाये। लेकिन अब तो नया खेल करके सौ मीटर ऊंचाई का मापदंड बना दिया गया है। जिसके बाद इन पहाड़ियों के मनचाहे खनन का खेल खेलने के लिए मैदान साफ है।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 4 दिसंबर को द हिंदू में प्रकाशित अपने लेख में इसे 'अरावली के लिए एक डेथ वारंट यानी मृत्युदंड का ऐलान बताया था।

# सशक्त उपभोक्ता ही सशक्त राष्ट्र की नींव

**-ललित गर्ग-**


**राष्ट्रीय** उपभोक्ता दिवस केवल एक उपभोक्ताओ से जुड़ी तिथि मात्र नहीं है, बल्कि यह उस मौलिक सत्य की स्मृति है कि किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था, सामाजिक संतुलन और नैतिक स्वास्थ्य का केंद्र बिंदु उपभोक्ता ही होता है। उपभोक्ता वह व्यक्ति है जो अपने परिश्रम की कमाई को भरोसे, आवश्यकता और आशा के साथ बाजार में खर्च करता है। किंतु आज यही उपभोक्ता सबसे अधिक ठगा जा रहा है, भ्रमित किया जा रहा है और असुरक्षित महसूस कर रहा है। ठगी, बेईमानी, मिलावट और गुणवत्ता-विहीन उत्पादों ने उपभोक्ता अधिकारों की नींव को हिला दिया है। यह स्थिति केवल आर्थिक शोषण तक सीमित नहीं रही, बल्कि उपभोक्ताओं के मानसिक, शारीरिक और स्वास्थ्य संबंधी जीवन पर गहरे और स्थायी आघात पहुँचा रही है। इसलिये उपभोक्ता दिवस मनाते हुए बाजार को आदर्श एवं स्वस्थ कलेवर देने के साथ उपभोक्ता हितों का संरक्षण जरूरी है।

आज का बाजार पहले की तुलना में अधिक जटिल, तेज और आक्रामक हो चुका है। उपभोक्ता के सामने विकल्पों की भरमार है, किंतु जानकारी और पारदर्शिता का अभाव है। चमकदार विज्ञापन, आकर्षक पैकेजिंग और भ्रामक दावे उपभोक्ता को निर्णय के उस बिंदु तक ले जाते हैं, जहाँ वह अक्सर वास्तविक गुणवत्ता और सुरक्षा को पहचान ही नहीं पाता। परिणामस्वरूप वह ऐसी वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग करने को विवश होता है जो उसके स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आर्थिक स्थिरता को नुकसान पहुँचाती हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थ, नकली दवाइयाँ, घटिया निर्माण सामग्री और डिजिटल ठगी के नए-नए रूप यह प्रमाणित करते हैं कि उपभोक्ता अधिकारों का हनन अब अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य प्रवृत्ति बनता जा रहा है।

यह विडंबना ही है कि जिस दौर में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, उसी दौर में भारतीय उपभोक्ता गुणवत्ता और सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। आर्थिक प्रगति का वास्तविक अर्थ केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि नहीं होता, बल्कि यह भी होता है कि उस विकास का लाभ आम नागरिक तक कितनी ईमानदारी और सुरक्षा के साथ पहुँच रहा है। यदि उपभोक्ता को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध नहीं हो पा रहे, तो यह विकास अधूरा और खोखला है। उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन केवल जेब पर चोट नहीं करता, वह राष्ट्र के आत्मविश्वास और नैतिक शक्ति को भी कमजोर करता है।

उपभोक्ता जब बार-बार ठगा जाता है, तो उसके मन में बाजार और व्यवस्था दोनों के प्रति अविश्वास जन्म लेता है। यह अविश्वास धीरे-धीरे मानसिक तनाव, चिंता और असुरक्षा की भावना में बदल जाता है। मिलावटी भोजन और नकली दवाइयों से उत्पन्न बीमारियाँ केवल शारीरिक कष्ट नहीं देतीं, बल्कि परिवार और समाज पर दीर्घकालिक आर्थिक बोझ भी डालती हैं। इस प्रकार उपभोक्ता अधिकारों का हनन एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, वह सामाजिक और राष्ट्रीय समस्या का रूप ले लेता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उपभोक्ता शोषण राष्ट्र की सामूहिक चेतना पर आघात है।

सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण कानून, मानक निर्धारण संस्थाएँ और शिकायत निवारण तंत्र अपने आप में महत्वपूर्ण हैं, किंतु उनकी प्रभावशीलता तब ही सिद्ध होगी जब वे कागजों से निकलकर जमीन पर दिखाई दें। आज आवश्यकता है अधिक सशक्त शासन की, अधिक सक्रिय निगरानी की और अधिक संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टि की। उपभोक्ता संरक्षण केवल एक विभाग या मंत्रालय की जिम्मेदारी नहीं हो सकती, यह समग्र शासन व्यवस्था की प्राथमिकता होनी चाहिए। जब तक मिलावट, धोखाधड़ी और भ्रामक व्यापारिक प्रथाओं पर त्वरित और कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक उपभोक्ता अधिकारों की बात केवल औपचारिक भाषणों तक सीमित रह जाएगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यदि हम उन्नत




अर्थव्यवस्थाओं की ओर देखें, तो स्पष्ट होता है कि वहाँ उपभोक्ता अधिकारों को केवल कानून के रूप में नहीं, बल्कि संस्कृति के रूप में स्वीकार किया गया है। उत्पाद की गुणवत्ता, सुरक्षा मानक, पारदर्शी जानकारी और त्वरित न्याय वहाँ बाजार की अनिवार्य शर्तें हैं। भारत को भी इसी दिशा में आगे बढ़ना होगा। वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए केवल सस्ता उत्पादन पर्याप्त नहीं है, बल्कि उच्च गुणवत्ता और उपभोक्ता संतुष्टि अनिवार्य है। भारतीय उपभोक्ता को यह महसूस होना चाहिए कि वह किसी भी अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता से कम सुरक्षित या कम सम्मानित नहीं है।

इस वर्ष राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस की थीम सुरक्षा, गुणवत्ता और विश्वास की बात करती है, जो अपने आप में अत्यंत विचारोत्तेजक है। सुरक्षा केवल उत्पाद की नहीं, बल्कि उपभोक्ता के जीवन और स्वास्थ्य की सुरक्षा है। गुणवत्ता केवल वस्तु की नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की गुणवत्ता है जो उपभोक्ता को न्याय और सम्मान देती है। विश्वास केवल बाजार पर नहीं, बल्कि शासन और कानून पर विश्वास है। यदि ये तीनों तत्व सशक्त नहीं होंगे, तो उपभोक्ता दिवस का संदेश अधूरा रह जाएगा। उपभोक्ताओं के हितों की वकालत करता हुआ यह दिवस उपभोक्ताओं के अधिकारों, दायित्वों और संरक्षण की चेतना को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण अवसर है। यह दिन याद दिलाता है कि उपभोक्ता केवल खरीददार नहीं, बल्कि बाजार व्यवस्था की आत्मा हैं, बाजार की शक्ति एवं गति है।।

बदलते आर्थिक परिवेश में उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करना और भी आवश्यक हो गया है। उपभोक्ता संरक्षण कानूनों ने एक मजबूत आधार दिया है, किंतु उनके प्रभावी क्रियान्वयन, त्वरित न्याय और जन-जागरूकता के बिना उपभोक्ता सशक्तिकरण अधूरा रह जाता है। इसलिए राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस को औपचारिकता नहीं, बल्कि सतत जनआंदोलन के रूप में देखा जाना चाहिए। डिजिटल मार्केटिंग की चुनौतियां आज उपभोक्ता हितों के लिए सबसे बड़ी कसौटी बनकर उभरी हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भ्रामक विज्ञापन, फर्जी रिव्यू, डेटा गोपनीयता का उल्लंघन, छिपी शर्तें और एल्गोरिद्म-आधारित मूल्य भेदभाव उपभोक्ता को असहाय बना रहे हैं। डिजिटल लेनदेन की सुविधा के साथ-साथ साइबर धोखाधड़ी और गलत सूचना का खतरा भी बढ़ा है। ऐसे में उपभोक्ताओं को डिजिटल साक्षर बनाना, प्लेटफॉर्म की जवाबदेही तय करना और त्वरित शिकायत निवारण तंत्र विकसित करना समय की मांग है, ताकि तकनीक उपभोक्ता के लिए सहायक बने, शोषण का साधन नहीं।

जागो ग्राहक जागो अभियान को आज क्रांतिकारी रूप देने की आवश्यकता है। यह अभियान केवल नारों और विज्ञापनों तक सीमित न रहकर व्यवहारिक प्रशिक्षण, स्कूल-कॉलेज पाठ्यक्रमों, स्थानीय भाषाओं और डिजिटल माध्यमों से जुड़ना चाहिए। साथ ही उपभोक्ता हितों को लेकर बने कानूनों को अधिक लचीला, सरल और व्यापक पहुंच वाला बनाना जरूरी है, ताकि आम उपभोक्ता बिना भय और जटिलता के न्याय पा सके। त्वरित अदालतें, ऑनलाइन सुनवाई और सामूहिक शिकायतों की प्रभावी व्यवस्था उपभोक्ता विश्वास को मजबूत करेगी। जब कानून संवेदनशील होंगे और जागरूकता व्यापक, तभी उपभोक्ता सशक्तिकरण वास्तविक अर्थों में संभव होगा। आज आवश्यकता है कि उपभोक्ता अधिकारों को राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा बनाया जाए। उपभोक्ता को जागरूक करना, उसे उसके अधिकारों और दायित्वों की जानकारी देना और उसे यह विश्वास दिलाना कि व्यवस्था उसके साथ खड़ी है, यह शासन की नैतिक जिम्मेदारी है। साथ ही व्यापार जगत को यह समझना होगा कि अल्पकालिक लाभ के लिए उपभोक्ता के साथ किया गया अन्याय दीर्घकाल में स्वयं उनके अस्तित्व को भी संकट में डाल सकता है। एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था वही होती है जिसमें उपभोक्ता और उत्पादक के बीच भरोसे का संबंध हो। अंततः यह स्पष्ट है कि उपभोक्ता अधिकारों का संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व है। उपभोक्ता का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है और उपभोक्ता की सुरक्षा राष्ट्र की सुरक्षा है। जब भारत विकास की नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ रहा है, तब यह अनिवार्य है कि यह विकास उपभोक्ता के स्वास्थ्य, मानसिक शांति और विश्वास की कीमत पर न हो। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस हमें यही संदेश देता है कि सशक्त उपभोक्ता ही सशक्त राष्ट्र की नींव रख सकता है और इस नींव को मजबूत करने के लिए शासन, समाज और बाजार सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभानी होगी। इसी से नया भारत, सशक्त भारत एवं समृद्ध भारत बन सकेगा।

# नाम मुस्लिम का लेते हैं मगर नुकसान सबका करते हैं


**- शकील अख्तर**

**दूसरा उदाहरण।** अमेरिका के टैरिफ ने भारत लघु मध्यम उद्योगों की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी है। टेक्सटाइल, लेदर, जेम्स एंड ज्वेलरी, जेनेरिक दवाएं, बासमती चावल, मसाले, कालीन, इलेक्ट्रानिक्स जैसी तमाम चीजें भारत सो अमेरिका जाती थीं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इसी साल अहमदाबाद के कांग्रेस अधिवेशन में चेतावनी दी थी कि भारत में आर्थिक तूफान आने वाला है।

प्रधानमंत्री मोदी की पूरी राजनीति केवल बोलने पर आधारित है। कुछ भी बोलो। अभी असम में बोले कांग्रेस इस राज्य को पूर्वी पाकिस्तान को दे देना चाहती थी। बंगाल में जंगल राज को और बढ़ा कर के महा जंगलराज बोल दिया। अभी केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी में भी चुनाव हैं वहां भी ऐसे ही बोलेंगे। शब्दों का अर्थ ही खत्म हो जाएगा। मोदी को इससे कोई मतलब भी नहीं है। उन्हें केवल वोट चाहिए। वह इसके लिए भैंस, मंगलसूत्र, श्मशान, कब्रिस्तान कुछ भी बोल सकते हैं। 11 साल हो गए। पहले लगता था कि प्रधानमंत्री बन गए हैं अब गंभीर बात करेंगे। मगर मोदीजी प्रधानमंत्री पद की गरिमा के अनुरूप बनने को तैयार ही नहीं हुए। उन्हें वोट मिल रहे हैं, मीडिया समर्थन कर रहा है इसके अलावा उन्हें कुछ नहीं चाहिए। जैसे बाकी चीजें कहते हैं वैसे ही देश विकास कर रहा है, वे खुद विश्व गुरु बन गए हैं, मानने लगे हैं। मगर क्या इससे देश बनता है? जनता चाहे चुप हो जाए। अपने सोचने-समझने की शक्ति खोकर उनके पीछे चलती रहे। मगर कब तक? अनंत काल तक यह नहीं हो सकता। बेवकूफ बनने की भी एक सीमा होती है। अभी जो जनता पर नशा है वह धार्मिक उन्माद का। मुस्लिम को मोदी ने टाइट कर रखा है। बस प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष यही मैसेज लगातार भेजा जाता है। पर पीड़ा में सुख लेने के इस नशे में जनता अपनी तकलीफें भूली हुई है।

लेकिन क्या यह नरेटिव ( कहानी, प्रचार) सही है कि नुकसान केवल मुस्लिम का हो रहा है बाकी लोगों का नहीं?

आइये कुछ उदाहरणों से देखते हैं। एक, मोदी सरकार ने संसद के अभी खत्म हुए इस शीतकालीन सत्र में ग्रामीणों को अपने ही गांव में जब भी जरूरत हो काम मांगने का गारंटीशुदा अधिकार मनरेगा खत्म कर दिया। इसके बदले में जो दूसरी योजना 'जी राम जी' लाए हैं उसमें काम की कोई गारंटी नहीं है। पैसा होगा तो काम चलेगा नहीं तो नहीं।




पहले ऐसा नहीं था अगर गांव वालों को काम चाहिए तो सरकार को पैसा देना ही होगा। और मजदूरी का पूरा पैसा केन्द्र सरकार को। अब वह नियम भी बदल दिया। राज्य सरकार को इसमें 40 प्रतिशत देना होगा। राज्य सरकारें वैसे ही कर्ज लेकर अपना खर्च चला रही हैं मजदूरी का पैसा कहां से देंगी योजना बंद हो जाएगी। अब यही वह सवाल है कि नुकसान किस का होगा? गांवों के दलित, पिछड़े, आदिवासियों, महिलाओं का। जिनसे कहा जा रहा है कि मोदी सरकार मुस्लिम को टाइट कर रही है। मुस्लिम इस योजना का सबसे कम लाभार्थियों में है। उसे कुछ ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा मगर गांव के बाकी लोगों के रोजगार का मुख्य साधन खत्म हो जाएगा। नाम मुस्लिम का लेते हैं मगर नुकसान सबका करते हैं।

दूसरा उदाहरण। अमेरिका के टैरिफ ने भारत लघु मध्यम उद्योगों की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी है। टेक्सटाइल, लेदर, जेम्स एंड ज्वेलरी, जेनेरिक दवाएं, बासमती चावल, मसाले, कालीन, इलेक्ट्रानिक्स जैसी तमाम चीजें भारत सो अमेरिका जाती थीं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इसी साल अहमदाबाद के कांग्रेस अधिवेशन में चेतावनी दी थी कि भारत में आर्थिक तूफान आने वाला है। और अभी इस टैरिफ की मार से परेशान भदोई के कालीन उद्योग वाले जब राहुल को अपना दुखड़ा सुनाने आए तो राहुल ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा टैरिफ के खिलाफ कुछ भी न करने के कारण वह आर्थिक तूफान आ गया है। अब यहां भी वही बात। प्रचार तो यह किया जाता है कि मोदी सरकार की सख्ती ने मुस्लिम को परेशान कर रखा है। मगर यहां फिर केवल परेशान होने वाला नहीं आर्थिक रूप से पूरी तरह टूट गया उद्योगपति और व्यापारी बहुसंख्यक समुदाय का है।

एक और उदाहरण। लास्ट। प्रदूषण जानलेवा हो गया है। अब बच्चों, बुजुर्गों की बात नहीं जवान लोगों की हालत खराब हो गई है। डाक्टर कहते हैं कि दिल्ली एनसीआर छोड़ दो। मगर हमारे प्रधानमंत्री इस विषय पर पूरी तरह मौन हैं। एक शब्द भी नहीं बोले। संसद में इस पर चर्चा भी नहीं होने दी। और मजेदार यह कि सरकार की तरफ से कहा गया कि कांग्रेस चर्चा नहीं चाहती थी। पहली बात तो यह कि चर्चा मांगी ही कांग्रेस ने थी। लोकसभा की कार्यसूची में आ गया था। प्रियंका गांधी चर्चा की शुरूआत करने वाली थीं। दूसरी बात मोदी सरकार कांग्रेस के नहीं चाहने पर कब से मानने लगी? कांग्रेस ने तो वंदे मातरम पर भी कहा था कि उसका पूरा सम्मान है। हमारे हर अधिवेशन की शुरूआत ही इसी से होती है। इस पर विवाद क्यों कर रहे हो। चर्चा की क्या जरूरत है? मगर यहां तो सरकार ने कांग्रेस की मर्जी के विरुद्ध इस पर चर्चा करवाई। और प्रदूषण जो इस समय की सबसे भयानक समस्या बन गई है उस पर यह मजेदार बात कहकर नहीं करवाई कि कांग्रेस नहीं चाहती है।

कांग्रेस क्यों नहीं चाहती है? यह नहीं बताया। मगर शायद इसलिए नहीं चाहती हो कि प्रदूषण का ये इल्जाम भी कहीं नेहरू के सिर पर न आ जाए। प्रदूषण के दोषी नेहरू। गोदी मीडिया शुरू हो जाए। खैर तो इस प्रदूषण से भी सब प्रभावित हैं। जैसा कि भक्त, मीडिया भाजपा के नेता किसी एक धर्म पर खास टारगेट करते हैं सिर्फ वही तो नहीं। प्रदूषण खराब चीज है मगर फिर इतना तो है कि भेदभाव नहीं करता। सबकी सांसें बंद कर रहा है। मगर मोदी सरकार पर कोई असर नहीं। केन्द्र में उनकी सरकार, दिल्ली राज्य में, पड़ोस में लगते हुए सभी राज्यों उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान में। दिल्ली का नगर निगम भी। ट्रिपल इंजन सरकार। मगर प्रदूषण के खात्मे के लिए एक इंच भी आगे नहीं बढ़ती।

तो परेशान सब हैं। मगर यथार्थ पर कहानी भारी है। कहानी, नरेटिव यह कि तुम खुश रहो हम उनका इलाज कर रहे हैं। इलाज सबका हो रहा है। और जैसा बताया बहुसंख्यक समुदाय का ज्यादा। मगर हिन्दू-मुसलमान का नशा इतना गहरा है कि अपना नुकसान भी नहीं दिख रहा।

कांग्रेस यह करती थी, कांग्रेस वह करती थी, इसके अलावा मोदी जी कुछ बोलते हैं? जैसे बताया प्रदूषण पर नहीं बोले वैसे ही अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के जाने कितनी बार 60 बार या 70 बार किए इस दावे पर भी नहीं बोले कि सीज फायर मैंने व्यापार की धमकी देकर करवाया है। ट्रंप ने सीज फायर के बाद से लगातार पाकिस्तान की तारीफ की। हमारा अपमान किया। मगर क्या मजाल कि एक बार भी प्रधानमंत्री इसका जवाब देते।

मगर शायद देश की जनता यह भी नहीं देख सुन रही है। वोट चोरी हो रही है। उसके वोट का अब कोई मतलब नहीं है। वह किसी को भी डाले पहुंच वहीं रहा है जहां मोदी जी चाहते हैं। कल को वह दिन भी आने वाला है जब जनता के पास कोई वोट मांगने भी नहीं आएगा। जब वोट को हम अपने हिसाब से मैनेज कर सकते हैं तो जनता के पास जाकर टाइम क्यों खराब करना। और जनता के वोट की कीमत नहीं रहेगी तो जनता की भी नहीं रहेगी।

बहुत मुश्किल दौर है। लोकतंत्र संविधान सब खत्म किया जा रहा है। खुद जनता का महत्व भी। जैसे राजा रजवाड़ों में प्रजा होती थी वैसे बनाए जाने की तैयारी हो रही है। रोज कर्तव्यों के बारे में बताया जाता। पुराने नाम हटाकर कर्तव्य पथ, कर्तव्य भवन जैसे नाम इसीलिए रखे गए हैं। प्रजा के केवल कर्तव्य ही होते थे। अधिकार आधुनिक विचार है। लोकतंत्र से निकला है।

उसे देश के लिए नुकसानदेह बताकर पेश किया जाता है। राजतंत्र का तरीका। जहां राजा ही सर्वोपरि होता है। ईश्वर का प्रतिनिधि। मोदी जी ने यही तो कहा था कि मुझे लगता है कि ईश्वर ने मुझे कुछ खास काम करने के लिए भेजा है। ईश्वर के दूत के रूप में वे खुद को स्थापित कर रहे हैं।

# किसानो के कल्याण के हिमायती थे चौधरी चरण सिंह

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**किसान** राष्ट्र की जीवनधारा और 'अन्नदाता' के रूप में सम्मानित भारत की समृद्धि की नींव हैं। उनका अथक परिश्रम देश का पेट भरता हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कायम रखता है और हर घर की ताकत सुनिश्चित करता है। राष्ट्रीय किसान दिवस 23 दिसंबर को मनाया जाता है जो किसानों के अमूल्य योगदान का उत?सव मनाता है। यह दिन भारत के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती है जो ग्रामीण मुद्दों की गहरी समझ और किसानों के कल्याण के लिए अटूट वकालत के लिए प्रसिद्ध हैं। यह हमारे किसानों के अटूट समर्पण का सम्मान करने और देश की प्रगति को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने का क्षण है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। वो कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उनका कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर 1902 को गाजियाबाद जिले के छोटे से गांव नूरपुर के एक किसान चौधरी मीरसिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोडने के समर्थन में चरण सिंह ने हिण्डन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हे 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है। चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके भाषण को सुनने के लिये उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ जुटा करती थी।

किसानो में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केन्द्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केन्द्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गये। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरीचरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने।

उन्होने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुखः दर्द को नजदीकी से देखा जाना था। इसलिये उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का सम्पूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितो, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे। चौधरी चरण सिंह एक कुशल लेखक भी थे। उनका अंग्रेजी भाषा पर अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन भी किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहान्त हुआ तो देश के किसानो ने सरकार में पैरवी करने वाला अपना नेता खो दिया था। लोगों का मानना था कि चरण सिंह से राजनीतिक गलतियां हो सकती हैं लेकिन चारित्रिक रूप से उन्होंने कभी कोई गलती नहीं की। इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है। चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलन्द करते हुये आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अन्त ही देश को आगे ले जा सकता है।

भारत एक कृषि प्रधान देश है। भारत की 60 प्रतिशत जनता गांवों में रहती है। हमारी सम्पन्नता हमारे कृषि और किसानों पर निर्भर करती है। भारतीय किसान का सर्वत्र सम्मान होता है। ये दिन रात कड़ी मेहनत कर सम्पूर्ण भारतवासियों के लिए अन्न एवं सब्जियां उत्पन्न करता हैं। किसानों को कठिन परिश्रम के पश्चात भी बहुत कम लाभ होता है। किसानों को आज भी कई तरह के मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। आज देश के किसान कर्ज में डूबे हुये हैं। उनको उनकी उपज का पूरा दाम नहीं मिल पाता है। अपनी खराब आर्थिक स्थिति के चलते देश में बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहें हैं।

# प्रथम तिमाही में ही कर लें गर्भवती महिला की पहचान : जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट ब्यूरो।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अंतर्गत रामनगर ब्लॉक की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डीएम ने नीति आयोग तथा राज्य नियोजन विभाग के डैशबोर्ड पर उपलब्ध प्रगति के आधार पर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं संबद्ध सेवाएं, सामाजिक विकास तथा बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर थीम की गहन समीक्षा की । जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि गर्भवती महिलाओं की प्रथम तिमाही में ही पहचान कर उनका समय से पंजीकरण आशा, एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से सुनिश्चित कराया जाए। एमओआईसी रामनगर को निर्देश दिए गए कि कम वजन के नवजात शिशुओं की संख्या में कमी लाने हेतु गर्भवती महिलाओं को पर्याप्त पोषण, कैल्शियम, आयरन एवं अन्य आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं, सैम एवं मैम बच्चों तथा कम वजन के शिशुओं की सतत निगरानी के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए, जहां से कॉल के माध्यम से नियमित फॉलोअप किया जाएगा। इसी कंट्रोल रूम से आईसीडीएस के पोषाहार वितरण की भी निगरानी की जाएगी। पोषाहार की आपूर्ति में देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडीपीओ को निर्देशित किये कि आगामी माह से शत प्रतिशत एवं समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

सभी स्वास्थ्य केंद्रों का एनक्यूएएस प्रमाणीकरण जनवरी माह तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत स्तर पर समीक्षा करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनवाड़ी, आशा एवं एएनएम के टॉप तीन को पुरस्कृत करने तथा शेष को भी शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। सभी बच्चों का नियमित वजन एवं लंबाई मापन, सैम एवं मैम बच्चों को शून्य करने के लिए उचित पोषण एवं उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही सैम एवं मैम बच्चों के परिवारों को स्वयं सहायता समूह, मनरेगा, जीरो पॉवर्टी सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए गए ताकि उनकी पोषण एवं देखभाल व्यवस्था सुदृढ़ हो सके। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में शौचालय एवं पेयजल की उपलब्धता, विद्यालयों में बाउंड्रीवाल निर्माण, एचएएल के सीएसआर अंतर्गत आंगनवाड़ी भवन निर्माण हेतु कार्ययोजना तैयार कर बीडीओ एवं डीपीओ को प्रस्तुत करने तथा भारत नेट के माध्यम से ग्राम पंचायतों को जोड़ने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए कि जनवरी माह में पुनः समीक्षा की जाएगी, अतः सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए प्रगति में उल्लेखनीय सुधार लाएं ताकि आकांक्षी ब्लॉक रामनगर की रैंकिंग में सुधार सुनिश्चित किया जा सके। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल समेत संबंधित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




# क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालय के कक्षा छह से आठ तक के 250 बच्चों की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन छत्रपति शाहूजी महिला महाविद्यालय कर्वी में किया गया। जिसमें प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र व स्टेशनरी का सामान प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों का चयन जनपदीय प्रतियोगिता के लिए करते हुए प्रत्येक को प्रोजेक्ट बनाने के लिए नगद धनराशि तथा प्रशस्ति पत्र दिया गया।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शशांक शेखर शुक्ला तथा खंड शिक्षा अधिकारी चित्रकूट अतुल दत्त तिवारी ने किया। इस दौरान प्रभारी बीएसए ने कहा कि समस्त शिक्षक सरकार की मंशानुरूप कार्य करे ताकि जनपद का नाम प्रदेश की रैंकिंग में अच्छा रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी बच्चों के लिए शिक्षक तन्मयता एवं लगन से विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाएं। इसलिए इनकी उपस्थिति एवं शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा बेहतरीन मॉडल बनवाएं। इस मौके पर एआरपी यामेंद्र दत्त पांडेय, उपेंद्र शर्मा, सुनील वर्मा, सत्येंद्र सिंह, प्रशांत कुमार केशरवानी, रामकृष्ण सिंह, गोपाल कृष्ण, राजेश सिंह, बृजेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अभ्युदय साहू, प्रेमचंद शिवहरे, विनोद कुमार सिंह, अशर्फी लाल सिंह, कुबेर सिंह, इंद्रेश श्रीवास्तव, दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## जेआरएचएसयू का परीक्षा परिणाम घोषित

**चित्रकूट।** जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सत्र 2025 की सेमेस्टर परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ अमित अग्निहोत्री ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नात्तकोत्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाएं निर्धारित समय पर आयोजित की गई है, जिनका मूल्यांकन कार्य समय पूर्ण होने के बाद बुधवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। बताया कि सभी विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रोल नंबर के माध्यम से परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय एवं कुल सचिव मधुरेन्द्र कुमार पर्वत ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है।

# सुलह के जरिए पुलिस ने टूटने से बचाया परिवार

**चित्रकूट।** सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया।

परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी रंजना तिवारी ने बताया कि कर्वी कोतवाली क्षेत्र के रहुटिया निवासी कमलेश कुमार ने अपनी पत्नी के मायके से न आने तथा लड़ाई झगड़ा करने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रार्थना पत्र के निस्तारण के सम्बन्ध में दिए गए निर्देश के अनुसार परामर्श केन्द्र की टीम महिला आरक्षी सोनिका द्विवेदी, अनामिका सिंह व पुलिस काउंसलर सुरेशचन्द्र जायसवाल द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुना गया तथा द्वितीय पक्ष से सम्पर्क कर उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया। यहां दोनों पक्षों के बीच सुलह कराई गई। जिसके बाद दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में पारिवारिक सामजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात कही गयी।

## विशेष प्रवर्तन अभियान में आबकारी विभाग की कार्रवाई, 500 किलो लहन और शराब जब्त

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश आबकारी आयुक्त के आदेश तथा जिलाधिकारी के निर्देश में मंगलवार को जिले में अवैध शराब के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में कर्वी, मऊ और राजापुर क्षेत्रों की टीमों ने थाना कर्वी क्षेत्र अंतर्गत गल्ला मंडी, शंकर बाजार, शिवरामपुर सहित कई स्थानों पर ठेलों, खोमचों और गुमटियों की सघन तलाशी ली। इसके अलावा ग्राम भैरो पागा में अवैध शराब के अड्डों पर दबिश देकर करीब 500 किलोग्राम लहन और 60 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# नांदिन कुर्मियान के योगेन्द्र सिंह ने बढ़ाया चित्रकूट का गौरव

अखंड भारत संदेश




**चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र के नांदिन कुर्मियान गांव के निवासी योगेंद्र सिंह संघ ने लोक सेवा आयोग (यू.पी.एस.सी.) द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता हासिल कर मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स विभाग में जिला यूथ ऑफिसर/असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर चयनित हुए है। उनकी इस उपब्लिध पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

योगेंद्र सिंह के पिता स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनके बड़े भाई अभिषेक सिंह इस समय अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली पर उप जिलाधिकारी (एसडीएम) के पद पर कार्यरत हैं। योगेंद्र सिंह पूर्व प्रदेश स्तरीय शिक्षक नेता अशर्फीलाल सिंह के नाती तथा समाजसेवी बीपी पटेल के भांजे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार एवं गांव में हर्षोल्लास का माहौल है। परिजनों ने बताया कि योगेंद्र शुरू से ही पढ़ाई में अच्छा था। यूपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उसने सिद्ध कर दिया कि निरंतर परिश्रम और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। बताया कि योगेन्द्र ने यूपीएससी सिविल सर्विसेज का इंटरव्यू भी सफलतापूर्वक पास कर लिया है और आगे भी उनका प्रयास निरंतर जारी है। उनकी इस उपलब्धि पर समाजसेवी उमादत्त मिश्रा, महेंद्र सिंह पटेल, बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, सभासद शंकर यादव, समाजसेवी बीपी पटेल, पूर्व विधायक वीर सिंह, सदर विधायक अनिल प्रधान, पूर्व सांसद बालकुमार पटेल, पूर्व सांसद आर.के. सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती, इरफान भाई, अतुल सिंह, जानकी गुप्ता, जानकी पटेल, धर्मेंद्र ओझा आदि ने बधाई दी है।

# अपर एसपी ने पुलिस पेंशनर्स के साथ की बैठक




अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में पुलिस पेंशनर्स की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने पेंशनर्स की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उन्हें अपने अनुभव और ज्ञान का उपयोग कर कानून व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही वर्तमान समय में साइबर ठगों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जीवित प्रमाण पत्र, सीबीआई, ईडी, एटीएस के अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगी का शिकार बनाने की जानकारी देते हुए बचने के उपाय बताए। उन्होंने पेंशनर्स को स्वास्थ्य बीमा योजनाओं तथा कानूनी सहायता व शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी दी। पेंशनर्स की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया।

## मतदाता सूची आलेख्य प्रकाशित

**चित्रकूट।** एडीएम उमेश निगम ने बताया कि अनन्तिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची का निरीक्षण आम जनमानस 24 से 30 दिसंबर 2025 तक कर सकते है। इस अवधि में नियुक्त कर्मचारियों द्वारा मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। निरीक्षण अवधि के दौरान एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी योग्य नागरिक भी अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकते है। अनन्तिम मतदाता सूची की एक-एक प्रति संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय, ग्राम पंचायत कार्यालय तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित अवधि तक निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। बताया कि प्राप्त सभी दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 31 दिसंबर 2025 से छह जनवरी 2026 तक संबंधित उप जिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि निर्धारित तिथियों के भीतर मतदाता सूची का अवलोकन कर आवश्यकतानुसार अपने दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करें, ताकि शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाई जा सके।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पुलिस ने दो आरोपियों को 20 क्वार्टर देशी शराब व पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना राजापुर के उपनिरीक्षक रमेश चन्द्र तिवारी व उनके हमराही आरक्षी शुभम मिश्रा ने आरोपी सुरिजभान निवासी हनुमान मोहल्ला कस्बा व थाना राजापुर को 20 क्वार्टर देशी शराब व थाना भरतकूप के उपनिरीक्षक अभिषेक कुमार सिंह व उनके हमराही आरक्षी अखिलेश तोमर ने आरोपी कमल निवासी पाण्डेय का पुरवा मजरा रसिन थाना भरतकूप को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस सम्बन्ध में दोनो आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## मिशन शक्ति के तहत 'सास-बहू संवाद' कार्यक्रम

**चित्रकूट।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत पुलिस और समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने 'सास-बहू संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया। पाठा के सबसे पिछड़े क्षेत्र बहिलपुरवा गांव के थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 200 महिलाओं को घरेलू हिंसा, महिला संबंधी कानून, शिक्षा और नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, शीतलहर से बचाव के लिए उन्हें कंबल और साड़ियाँ भी वितरित की गईं।

# कुलगुरु ने किया ग्रामोदय गौशाला का निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो आलोक चैबे ने बुधवार को कृषि परिसर में संचालित कृषि फार्म एवं ग्रामोदय गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलगुरु ने कृषि फार्म और ग्रामोदय गौशाला की गतिविधियों का अवलोकन कर सम्बन्धितों से जानकारी ली। साथ ही कृषि फार्म के विकास के लिए कृषि नवाचारों और गौशाला समृद्धि के लिए सुझाव तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके कृषि संकाय के अधिष्ठाता प्रो डीपी राय सहित संकाय प्राध्यापक आदि मौजूद रहे।

# इधर बांग्लादेश में बवाल, उधर जयशंकर ने बढ़ा दी अपनी चाल



**श्रीलंका**

**एक** तरफ भारत का एक पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश हिंसा की आग में झुलस रहा है। हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। युनूस सरकार से हालात संभाले नहीं संभल रहा है। वहीं दूसरी ओर पीएम मोदी ने पड़ोसी देश श्रीलंका में अपना विशेष दूत भेजा है। पीएम मोदी के विशेष दूत बनकर विदेश मंत्री एस जयशंकर श्रीलंका पहुंच हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने श्रीलंका के प्रधानमंत्री से मुलाकात की, दोनों देशों के बीच संबंधों की सराहना की।

भारत ने 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज का प्रस्ताव दिया है। पैकेज में 35 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रियायती ऋण और 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की अनुदान सहायता शामिल होगी। उन्होंने कहा कि श्रीलंका सरकार के साथ परामर्श करके इस पैकेज को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हमारी सहायता उन क्षेत्रों को कवर करेगी जो चक्रवात से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं, जिनमें पहला क्षेत्र- सड़क, रेल और पुल संपर्क की पुनः बहाली है। उन्होंने कहा कि दूसरा- जो घर पूरी तरह नष्ट हो गए हैं और जिन्हें आंशिक नुकसान हुआ है, उनके निर्माण में मदद करना। तीसरा- स्वास्थ्य और शिक्षा प्रणालियों के लिए सहयोग, खासकर वे जो चक्रवात से क्षतिग्रस्त हुई हैं। चौथा- कृषि क्षेत्र, जिसमें अल्पावधि और मध्यम अवधि में संभावित कमी से निपटने के उपाय शामिल हैं तथा पांचवां क्षेत्र- बेहतर आपदा प्रतिक्रिया और तैयारियों की दिशा में काम करना है।

श्रीलंका में भारत का ऑपरेशन सागर बंधु

जयशंकर ने कहा कि नुकसान के पैमाने को देखते हुए भारत का श्रीलंका की मदद के लिए आगे आना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि दित्वा के श्रीलंका पहुंचने के पहले ही दिन भारत का ह्यऑपरेशन सागर बंधुह्व शुरू हो गया था।

उन्होंने कहा हमारे विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत और आईएनएस उदयगिरि कोलंबो में मौजूद थे और उन्होंने राहत सामग्री पहुंचाई, जिसके बाद हेलीकॉप्टर तैनात किए गए। भारतीय वायु सेना के कई ह्यएमआई-17ह्व हेलीकॉप्टर ने श्रीलंका में दो सप्ताह से अधिक समय तक मदद पहुंचाई जबकि 80 सदस्यीय राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने बचाव और राहत कार्य किया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सागर बंधु के तहत कुल मिलाकर 1,100 टन से अधिक राहत सामग्री पहुंचाई गई, जिसमें सूखा राशन, तंबू, तिरपाल, स्वच्छता किट, आवश्यक वस्त्र और जल शोधन किट शामिल थीं।

# समझदारी तो इसी में है...

# मादुरो को ट्रंप की दो टूक, तेल टैंकर जब्ती से भड़का अमेरिका-वेनेजुएला तनाव



**अमेरिका**

**राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के लिए सत्ता छोड़ना एक समझदारी भरा कदम होगा, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका दक्षिण अमेरिकी देश पर सैन्य और आर्थिक दबाव बढ़ाना जारी रखे हुए है। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी सरकार की मौजूदा रणनीति मादुरो को पद से हटाने के लिए बनाई गई है, ट्रंप ने अंतिम लक्ष्य के बारे में कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की, लेकिन वेनेजुएला के नेता को दी गई अपनी सलाह के बारे में उन्होंने साफ कहा।

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उनका लक्ष्य मादुरो को सत्ता से हटाना है, तो उन्होंने कहा मुझे लगता है कि शायद ऐसा ही होगा। कुछ कह नहीं सकते। यह उन पर निर्भर करता है कि वे क्या करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि उनके लिए ऐसा करना समझदारी भरा कदम होगा।

फिर से, हमें पता चल जाएगा। देखिए, वेनेजुएला ने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ भयानक काम किए हैं। लाखों लोग हमारी खुली सीमा में घुस आए। उन्होंने अपने अपराधी, अपने कैदी, अपने ड्रग डीलर, अपने मानसिक रूप से विक्षिप्त और अक्षम लोगों को हमारे देश में भेजा, किसी भी अन्य देश की तुलना में कहीं अधिक।

ट्रम्प ने कहा कि कांगो समेत अन्य देशों में भी लोगों की ऐसी ही आवाजाही देखी गई थी, लेकिन उन्होंने अमेरिकी दक्षिणी सीमा पर संकट की भयावहता के लिए पिछली सरकार को दोषी ठहराया। ट्रम्प ने आगे कहा हमने उन्हें सीधे अंदर आने दिया क्योंकि हमारे यहाँ एक मूर्ख राष्ट्रपति शासन कर रहे थे। लेकिन अब आपके पास कोई मूर्ख राष्ट्रपति नहीं है। व्हाइट हाउस ने आधिकारिक तौर पर कैरेबियन में अपनी बढ़ी हुई सैन्य उपस्थिति को मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान बताया है, लेकिन ये हालिया टिप्पणियाँ इस महीने वेनेजुएला के तट पर दो टैंकरों को जब्त किए जाने के बाद आई हैं।

# जयशंकर ने तमिल नेताओं से की बात, चक्रवात दित्वा की तबाही के बाद भारत के प्रयासों पर प्रकाश डाला



**श्रीलंका**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को श्रीलंका के तमिल नेताओं से बातचीत की। जयशंकर ने चक्रवात दित्वा की तबाही के बाद पुनर्निर्माण में भारत के प्रयासों पर प्रकाश डाला। एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आज दोपहर श्रीलंका के तमिल नेताओं से बातचीत की। दित्वा के बाद पुनर्निर्माण और पुनर्वास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और प्रयासों को रेखांकित किया। इससे पहले दिन में श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिथा हेरथ के साथ एक बैठक में प्रेस विज्ञप्ति के दौरान, जयशंकर ने कहा कि चक्रवात से हुए नुकसान को देखते हुए भारत श्रीलंका को जल्द से जल्द सहायता पहुंचाने को प्राथमिकता दे रहा है।

उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि श्रीलंका के लोगों पर चक्रवात दितवाह के प्रभाव को कम करने के लिए जल्द से जल्द काम करना आवश्यक है। हम जल्द से जल्द सहायता पहुंचाने के लिए एक प्रभावी समन्वय तंत्र पर चर्चा कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए, जयशंकर ने कहा कि भारत श्रीलंका में पर्यटन को प्रोत्साहित करना जारी रखेगा। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि भारत कई अन्य तरीकों से भी श्रीलंका की सहायता कर सकता है और करेगा। मंत्री जी, आपका देश पर्यटन के लिहाज से एक महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था है, और मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम इस संबंध में भारत से पर्यटन को बढ़ावा देना जारी रखेंगे। इसी प्रकार, भारत से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि भी इस नाजुक समय में आपकी अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर सकती है। इसलिए, हमारी चचाओं में दोनों देशों के बीच गहरे सहयोगात्मक संबंधों को बढ़ावा देने का भी ध्यान रखा जाएगा।

जयशंकर ने यह भी स्वीकार किया कि इस चुनौतीपूर्ण दौर से उबरने के प्रयासों में भारत श्रीलंका के साथ खड़ा है। मित्रों, हम पूरी तरह समझते हैं कि श्रीलंका के लिए यह बहुत कठिन समय है। 2022 के आर्थिक संकट से उबरने के बाद, इस प्राकृतिक आपदा ने नई मुश्किलें खड़ी कर दी हैं।

**● जयशंकर ने यह भी स्वीकार किया कि इस चुनौतीपूर्ण दौर से उबरने के प्रयासों में भारत श्रीलंका के साथ खड़ा है। मित्रों, हम पूरी तरह समझते हैं कि श्रीलंका के लिए यह बहुत कठिन समय है।**

# प्रशांत महासागर में अमेरिकी नेवी का होश उड़ाने वाला एक्शन

**अमेरिका**

**अमेरिकी** नेवी का एक बड़ा एक्शन सामने आ रहा है। समंदर में ड्रग तस्कर पर अटैक किया गया है। ड्रग तस्कर के शिप पर यह हमला किया गया है। ड्रग्स तस्करों के खिलाफ ट्रंप का यह अभियान जारी है। इसी अभियान के तहत समंदर में ड्रग्स तस्कर पर अटैक किया गया है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि इन हमलों का मकसद अमेरिका में ड्रग्स की तस्करी रोकना और वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर दबाव बढ़ाना था।

सितंबर की शुरूआत से अब तक 29 ज्ञात हमलों में कम से कम 105 लोग मारे जा चुके हैं। अमेरिकी सांसदों और मानवाधिकार कार्यकताओं ने इन हमलों की कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि प्रशासन ने इस बात का कोई ठोस सबूत नहीं दिया है ।

# अंजाम बुरा होगा! अमेरिका के दुश्मन को मिला रूस का साथ, पुतिन के खास लावरोव ने दी सीधी चेतावनी



**अमेरिका**

**कैरिबियाई** सागर में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति बढ़ने के साथ ही, रूस और वेनेजुएला ने वाशिंगटन द्वारा क्षेत्र में उठाए गए इन कदमों की कड़ी निंदा की है, जिन्हें वे तनाव बढ़ाने वाले कदम बता रहे हैं। ळअरर ने यह रिपोर्ट दी है। रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और उनके वेनेजुएला समकक्ष इवान गिल पिंटो ने अमेरिकी सैन्य जमावड़े पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और चेतावनी दी है कि इन कार्रवाइयों के क्षेत्र पर दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और अंतरराष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए सीधा खतरा पैदा हो सकता है।

बयान में कहा गया है कि मंत्रियों ने कैरिबियाई सागर में वाशिंगटन द्वारा उठाए गए तनाव बढ़ाने वाले कदमों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है, जिनके क्षेत्र पर दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और अंतरराष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए खतरा पैदा हो सकता है। टीएएसएस के अनुसार, क्रेमलिन ने वेनेजुएला सरकार के प्रति अपने व्यापक समर्थन और एकजुटता पर जोर दिया, और दोनों मंत्रियों ने राज्य की संप्रभुता की रक्षा करने और घरेलू मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को रोकने के लिए, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र में, घनिष्ठ समन्वय करने पर सहमति व्यक्त की। मंत्रालय ने आगे कहा कि मंत्रियों ने द्विपक्षीय प्रारूप में घनिष्ठ सहयोग करने और अंतरराष्ट्रीय मंचों, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र में कार्यों का समन्वय करने पर सहमति व्यक्त की है, ताकि राज्यों की संप्रभुता का सम्मान सुनिश्चित किया जा सके और उनके घरेलू मामलों में हस्तक्षेप को रोका जा सके। ये चेतावनियाँ ऐसे समय में आई हैं जब अमेरिका मादक पदार्थों के खिलाफ अभियानों के नाम पर वेनेजुएला के प्रति अपना रुख और कड़ा कर रहा है।

# पाकिस्तान के पंजाब बाढ़ प्रभावित परिवारों के राहत में देरी, मानवाधिकार आयोग ने जताई चिंता



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने पंजाब सरकार से दक्षिणी पंजाब में मानसून की भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की जरूरतों पर ध्यान देने का आग्रह किया है। इनमें से कई परिवार सर्दियों के मौसम के करीब आने के साथ ही उचित सहायता के अभाव में अपने घरों के पुनर्निर्माण में चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। डॉन के मुताबिक, एचआरसीपी द्वारा नवंबर की शुरूआत में दक्षिणी पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किए गए एक सर्वेक्षण में मुल्तान के बस्ती लांग और बस्ती शेर शाह तथा उच शरीफ के बस्ती जाट खुरपा में परिवारों की चिंताओं को दर्ज किया गया।

बस्ती लांग के निवासियों ने बताया कि बाढ़ से लगभग 300 घर नष्ट हो गए।

उन्होंने इस बात पर निराशा व्यक्त की कि नुकसान का आकलन करने के लिए सरकारी सर्वेक्षण या तो नहीं किए गए या स्थगित कर दिए गए, जिसके परिणामस्वरूप प्रभावित परिवारों को अपर्याप्त मुआवजा मिला। एक उत्तरदाता ने सरकार द्वारा प्रति एकड़ 20,000 पाकिस्तानी मुद्रा (पीकेआर) के मुआवजे की दर की आलोचना करते हुए इसे 'जले पर नमक छिड़कने' जैसा बताया। मौजा जाट खुरपा में, निवासियों ने अधिकारियों पर शहरी क्षेत्रों और प्रभावशाली कृषि हितों की रक्षा के लिए जानबूझकर सतलुज नदी के बाढ़ के पानी को उनके गांवों की ओर मोड़ने का आरोप लगाया।

कई स्थानों पर, समुदाय के सदस्यों ने बताया कि राहत वितरण और क्षति आकलन का राजनीतिकरण किया गया है,

एक व्यक्ति ने कहा कि केवल स्थानीय विधायकों द्वारा समर्थित लोगों को ही सरकारी सहायता पैकेज प्राप्त हुए हैं। बागों और कृषि भूमि के विनाश को उजागर करते हुए, जहां कुछ क्षेत्र अभी भी जलमग्न हैं, कई उत्तरदाताओं ने चिंता व्यक्त की कि वे अपनी अगली फसल नहीं बो पाएंगे,

जिससे उनकी बचत जोखिम में पड़ जाएगी, जैसा कि डॉन की रिपोर्ट में बताया गया है।

एचआरसीपी ने पंजाब सरकार से निष्पक्ष और समावेशी क्षति आकलन करने और पुनर्वास और आवास के लिए तत्काल सहायता प्रदान करने का आह्वान किया।

# भारत में विरोध प्रदर्शन के बाद टेंशन में यूनुस सरकार, बांग्लादेश ने इंडियन हाईकमिश्नर को किया तलब

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** ने मंगलवार को भारत में अपने राजनयिक मिशनों पर हुए हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त की और नई दिल्ली और सिलीगुड़ी में हुई घटनाओं के विरोध में भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, बांग्लादेश राजनयिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ जानबूझकर की गई हिंसा या धमकी के ऐसे कृत्यों की निंदा करता है, जो न केवल राजनयिक कर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं बल्कि आपसी सम्मान के सिद्धांतों और शांति एवं सहिष्णुता के मूल्यों को भी कमजोर करते हैं।

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने हिंसा की निंदा करते हुए राजनयिक कर्मियों और प्रतिष्ठानों को खतरे का हवाला दिया और भारत से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बांग्लादेश सरकार ने भारत सरकार से इन घटनाओं की गहन जांच करने, ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने और भारत में बांग्लादेश के राजनयिक मिशनों और संबंधित सुविधाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# 9 अमेरिकी सांसदों ने पीट हेगसेथ को लिखा लेटर, चीनी टेक कंपनियों को लेकर की ये मांग



**अमेरिका**

**नौ सांसदों** के एक समूह ने युद्ध सचिव पीट हेगसेथ को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि कथित तौर पर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) की सेना का समर्थन करने के आरोप में विभाग द्वारा रखी गई सूची में कई चीनी तकनीकी कंपनियों को शामिल किया जाए। 18 दिसंबर को लिखे गए इस पत्र में उल्लेख किया गया है कि ये गैर-सैन्य तकनीकी कंपनियां पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के "आधुनिकीकरण, आंतरिक सुरक्षा पहलों और सैन्य प्रक्षेपण क्षमताओं" में सहायता कर रही हैं। 2021 में राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम ने रक्षा विभाग (अब युद्ध विभाग) द्वारा सभी चीनी सैन्य संस्थाओं की पहचान करने के लिए एक सूची बनाई थी, जिसका उद्देश्य अमेरिकी सरकार को सीसीपी के सैन्य, निगरानी और खुफिया कार्यों का अनजाने में समर्थन करने से रोकना था।

सांसदों द्वारा प्रस्तावित कंपनियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी डीपसीक भी शामिल है, जिसके बारे में जेम्सटाउन फाउंडेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, पीएलए और अन्य चीनी संगठनों के साथ करोड़ों युआन या लाखों अमेरिकी डॉलर के रक्षा अनुबंध हैं। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में कांग्रेस की नौ अलग-अलग समितियों के रिपब्लिकन अध्यक्ष शामिल हैं, जिनमें सीनेटर रिक स्कॉट (आर-फ्लोरिडा), प्रतिनिधि जॉन मूलनेर (आर-मिशिगन), रिक क्रॉफर्ड (आर-अर्कांसस), एंड्रयू गारबारिनो (आर-न्यूयॉर्क), रॉब विटमैन (आर-वर्जीनिया), बिल हुइजेंगा (आर-मिशिगन), डस्टी जॉनसन (आर-साउथ डकोटा), डारिन लाहुड (आर-इलिनोइस) और एंडी ओगल्स (आर-टेनेसी) शामिल हैं, जैसा कि टीईटी रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पीएलए की एक खरीद वेबसाइट पर अप्रैल से अक्टूबर 2025 तक कई खरीद दस्तावेज सूचीबद्ध हैं, जिनमें विशेष रूप से डीपसीक द्वारा विकसित एआई मॉडल पर आधारित उपकरणों की मांग की गई है। सांसदों ने आगे कहा कि डीपसीक को चीनी पुलिस और सार्वजनिक सुरक्षा नेटवर्क में एकीकृत किया जा रहा है, जहां इसका उपयोग वीडियो निगरानी प्रणालियों में चेहरों, वाहनों और भीड़ की गतिविधियों का विश्लेषण करने, मामले के डेटा को संकलित करने, रिपोर्ट तैयार करने और क्षेत्र में तैनात अधिकारियों को उनके निर्णय लेने में सहायता करने के लिए किया जाता है।

सांसद चीनी स्मार्टफोन निमार्ता शाओमी को सूची में फिर से शामिल करने की वकालत भी कर रहे हैं। 2021 में कोलंबिया जिले के अमेरिकी जिला न्यायालय ने चीनी सेना से संबंधों के संबंध में पर्याप्त सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए शाओमी को सूची में शामिल करने के पिछले फैसले को रद्द कर दिया था। उनका दावा है

कि शाओमी रक्षा सामग्री के निर्माण के लिए दोहरे उपयोग वाले रोबोटिक्स में प्रत्यक्ष भूमिका निभाती है और साथ ही चीनी सैन्य चिकित्सा अनुसंधान संस्थाओं के साथ मिलकर काम कर रही है, जैसा कि टीईटी रिपोर्ट में उजागर किया गया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा